सोमवार, 31 मार्च 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 37 – 25 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 5:31 | सूर्यास्त: 17:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



माँ ब्रह्मचारिणी –पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : किसी के साथ हम वक्त को हम भूल जाते हैं कोई वक्त के साथ हमें भूल जाता है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## कांग्रेस की नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़, अन्य राज्यों में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला: मोदी

### नक्सल प्रभावित इलाकों में अब शांति का नया युग

**बिलासपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसकी नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ समेत देश के अनेक राज्यों में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने आज छत्तीसगढ़ में 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने जिले के मोहभट्ठा गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''बीते दशकों में कांग्रेस की नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ समेत देश के अनेक राज्यों में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला। देश में जहां-जहां अभाव रहा, जो-जो क्षेत्र विकास से पीछे रहे, वहां-वहां नक्सलवाद फलता फूलता रहा। लेकिन जिस दल ने 60 साल सरकार चलाई उसने क्या किया। उसने ऐसे जिलों को पिछड़ा घोषित कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के नौजवानों की अनेक पीढ़ियां खप गईं, अनेक माताओं ने अपने लाडले खो दिए, अनेक बहनों ने




अपने भाई खो दिए। उन्होंने कहा, ''उस समय की सरकारों की यह उदासीनता आग में घी डालने जैसी थी। आपने तो खुद सहा है, देखा है।'' मोदी ने कहा, ''छत्तीसगढ़ में कितने ही जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी परिवार रहते हैं। कांग्रेस सरकार ने उनकी कभी सुध नहीं ली। हमने (राजग सरकार ने) गरीब आदिवासियों के घरों में शौचालय बनाने की चिंता की, स्वच्छ भारत अभियान चलाया।'' उन्होंने कहा, ''हमने गरीब आदिवासियों के इलाज की चिंता की, पांच लाख तक मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान भारत योजना शुरू की। हमने आपके लिए सस्ती दवाओं की चिंता की, 80 प्रतिशत छूट देने वाले 'पीएम जन औषधि केंद्र' खोले।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''जो लोग सामाजिक न्याय पर झूठ बोलते हैं उन्हीं लोगों ने आदिवासी समाज को भुला रखा था। इसलिए तो मैं कहता हूं जिसको किसी ने नहीं पूछा उसको मोदी पूजता है।'' मोदी ने कहा, ''आज 'डबल इंजन' सरकार में छत्तीसगढ़ की स्थिति तेजी से बदल रही है। जब सुकमा जिले के स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलता है तो नया विश्वास जगता है। जब कई सालों बाद दंतेवाड़ा में स्वास्थ्य केंद्र फिर से शुरू होता है नया विश्वास जगता है। ऐसे ही प्रयासों के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थाई शांति का नया दौर नजर आ रहा है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश के दौरान कहा, ''गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत आप सभी की वजह से संभव हो पाई है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया।'' राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों का पक्के घर का सपना पहले की सरकारों ने फाइलों में गुम कर दिया था, तब हमने गारंटी दी थी कि यह सपना हमारी सरकार पूरा करेगी।''

## दक्षिणपंथी संगठनों ने वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग की

**नयी दिल्ली :** विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों ने रविवार को महापंचायत की और वक्फ (संशोधन) विधेयक को आंशिक समर्थन देते हुए वक्फ बोर्ड को ''पूरी तरह समाप्त'' करने की मांग की। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उसने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भी भेजा, जिसमें वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के ''राष्ट्रीयकरण'' की मांग की गई। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के आह्वान पर इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट समेत विभिन्न दक्षिणपंथी समूहों द्वारा किया गया था। बयान में कहा गया, ''महापंचायत में देशभर से आए विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने एक स्वर में वक्फ बोर्ड को समाप्त करने की मांग की।

## अधिकारियों के लंबे समय तक एक ही जगह बने रहने से भ्रष्टाचार बढ़ता है : संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** संसदीय समिति ने सरकार से कहा है कि अधिकारियों के लंबे समय तक एक ही जगह पदस्थ रहने से भ्रष्टाचार बढ़ता है और यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जाने चाहिए कि वे किसी भी मंत्रालय में निर्धारित समय सीमा से अधिक न बने रहें। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय पर विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से संबंधित अनुदान की मांगों (2025-26) पर 27 मार्च को संसद में पेश अपनी 145वीं रिपोर्ट में कहा कि सभी अधिकारियों के लिए ''बारी-बारी से स्थानांतरण'' की नीति रही है, लेकिन इसे पूरी तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसे अधिकारी भी हैं जो संभावित रूप से अनुकूल मंत्रालयों या स्थानों पर 8-9 वर्षों से अधिक समय से तैनात हैं, विशेष रूप से आर्थिक एवं संवेदनशील मंत्रालयों में, जबकि संगठनों के प्रमुखों को चार-पांच बार बदला जा चुका है। इस प्रवृत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां अधिकारियों ने ''अपनी तैनाती में इस तरह से चतुराई दिखाई है कि उनका पूरा कार्यकाल एक ही मंत्रालय में रहा है और इसलिए ऐसी खामियों को बिना किसी देरी के दूर किया जाना चाहिए।''

## कोलकाता से फिर 11 अवैध हथियार बरामद

### दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर से अवैध हथियार के बरामदगी का सिलसिला जारी है। कोलकाता के आनंदपुर में रविवार की दोपहर अवैध हथियार बरामद किया गया है। इस घटना में दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इसके पहले शनिवार की देर रात प्रगति मैदान थाने की पुलिस ने जेबीएस हाल्डेन एवेन्यू इलाके से दो 7 एमएम बंदूकें, दो भरी हुई और एक खाली कारतूस बरामद किया। अब रविवार को अवैध हथियार रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मिली सूचना के आधार पर कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने दोपहर में आनंदपुर के नोनाडांगा सबुज संघ के पास छापेमारी की।



वहां से एक दम्पति को गिरफ्तार किया गया। आरोपित अज़ीज़ मोल्ला (36) हुगली का निवासी है। पुलिस न उसके पास से 11 हथियार बरामद किये गये। उसकी महिला साथी मोइना मांझी, जो पूर्व बर्द्धमान के केतुग्राम की निवासी है, को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक बन्दूक बरामद किया गया। वे तस्करी की योजना बना रहे थे। उससे पहले ही उन्हें पकड़ लिया गया। कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने छापेमारी कर इन दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में दिखा ईद-उल-फित्र का चांद

### आज मनाई जाएगी ईद

**नयी दिल्ली :** दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में रविवार शाम ईद-उल-फित्र का चांद आसमान में नजर आ गया। इसी के साथ रमजान का पवित्र महीना संपन्न हो गया और आज देशभर में ईद मनाई जाएगी। चांदनी चौक स्थित मुगलकालीन फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि रविवार शाम दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई शहरों, हरियाणा के मेवात, झारखंड और बिहार समेत देश के कई स्थानों पर ईद का चांद देखा गया। उन्होंने कहा, लिहाजा शव्वाल (इस्लामी कैलेंडर का 10वां महीना) महीने का पहला दिन सोमवार 31 मार्च को है। ईद का त्योहार शव्वाल महीने के पहले दिन मनाया जाता है। मुस्लिम संगठन इमारत-ए-शरीया-हिंद ने भी एक बयान जारी कर राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में ईद का चांद दिखने की पुष्टि की। बयान में संगठन की रुअत-ए-हिलाल कमेटी (चांद समिति) के सचिव मौलाना नजीबुल्लाह कासमी के हवाले से कहा गया है कि ऐलान किया जाता है कि शव्वाल के महीने की शुरुआत सोमवार 31 मार्च से होगी और आज सुबह ईद-उल-फित्र की विशेष नमाज अदा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ममता ने राज्यवासियों को दी ईद की बधाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंदन में छह दिन बिताने के बाद शनिवार की शाम कोलकाता लौटी। दौरे के बाद वह ईद समारोह में शामिल हुई। रविवार की शाम उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईद मुबारक। ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

## 82 प्रतिशत दिव्यांगों के पास बीमा नहीं, 42 प्रतिशत आयुष्मान भारत योजना से अनभिज्ञ

**नयी दिल्ली :** देश के 82 प्रतिशत दिव्यांगो के पास किसी भी प्रकार का बीमा नहीं है, जबकि 42 प्रतिशत दिव्यांग सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) से अनभिज्ञ हैं। यह खुलासा विभिन्न अधिकार समूहों द्वारा कराए गए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में हुआ है। राष्ट्रीय दिव्यांगता नेटवर्क (एनडीएन) ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में सर्वेक्षण के नतीजों को पेश किया। इस बैठक में 20 से अधिक राज्यों के नागरिक समाज समूह और दिव्यांग अधिकार संगठन समुदाय के समक्ष उपस्थित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए थे। नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपुल (एनसीपीईडीपी) द्वारा 'आयुष्मान फॉर ऑल' अभियान के तहत किए गए सर्वेक्षण में 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 5,000 से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों की राय ली गई। सर्वेक्षण में खुलासा हुआ कि इस योजना का उद्देश्य हाशिये पर रहने वाली आबादी को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, इसके बावजूद सर्वेक्षण में शामिल केवल 28




प्रतिशत दिव्यांगों ने ही इसका लाभ लेने की पहल की थी। एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा, ''ये संख्याएं महज आंकड़े नहीं हैं; ये वास्तविक लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं जो आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल से वंचित रह गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य बीमा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेषाधिकार नहीं है, यह जीवनयापन के लिए एक आवश्यकता है। बीमा पर दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला एक मील का पत्थर था, फिर भी निजी बीमा कंपनियां उन्हें यह सुविधा देने से इनकार कर रही हैं। जागरूकता और पहुंच में कमी है।'' अली ने सरकार के मानदंडों पर भी सवाल उठाया और कहा कि आयुष्मान भारत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों लाभांवित करता है , लेकिन दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, '' दिव्यांगता और गरीबी एक दुष्चक्र का हिस्सा हैं। हम केवल योजनाओं की मांग नहीं कर रहे हैं, हम प्रतिनिधित्व और नीतिगत बदलावों की मांग कर रहे हैं।'' बैठक में विशेषज्ञों ने दिव्यांगों को स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करने से रोकने वाली प्रणालीगत बाधाओं को रेखांकित किया।

## हिमाचल: मणिकर्ण गुरुद्वारे के पास भूस्खलन के बाद छह लोगों की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में तूफान के कारण गुरुद्वारा मणिकर्ण साहिब के पास रविवार को हुए भूस्खलन के बाद एक बड़ा पेड़ सड़क पर खड़े कई वाहनों पर गिर गया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुद्वारे के सामने पहाड़ पर एक पेड़ तूफान और भूस्खलन के बाद उखड़ गया। उन्होंने बताया कि यह सड़क पर खड़े कुछ वाहनों और रेहड़ियों पर गिर गया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में लोग घायल हो गए। कुल्लू



के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट विकास शुक्ला ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि चिकित्सा दल, पुलिस और राजस्व अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और बचाव एवं राहत कार्यों का समन्वय कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, घटना में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान मणिकर्ण निवासी रीना, बेंगलुरू निवासी वर्सिनी और कुल्लू में काम करने वाले नेपाली नागरिक समीर के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि तीन अन्य मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान बेंगलुरू निवासी रमेश, उसकी पत्नी पल्लवी और बेटे भार्गव तथा हरियाणा की रहने वाली प्राची और विक्रम आचार्य तथा उसकी पत्नी टुम्पा आचार्य के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, घायलों को कुल्लू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## म्यांमार में भूकंप : भारत ने पांच सैन्य विमानों से राहत सामग्री और बचाव दल भेजे



**नयी दिल्ली :** भारत ने म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए पांच सैन्य विमानों से राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा उपकरण भेजे हैं। इस भूकंप में 1,600 से अधिक लोग मारे गए हैं और लगभग 3,000 घायल हुए हैं। भारत ने शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से मची तबाही के मद्देनजर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना राहत मिशन शुरू किया, जिसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है। भारत ने तीन सी-130जे और दो सी-17 ग्लोबमास्टर विमानों के जरिये राहत सामग्री, दवाइयां, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का 80 सदस्यीय खोज एवं बचाव दल तथा सेना का फील्ड अस्पताल म्यांमार भेजा है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना की 50 (आई) पैरा ब्रिगेड की एक विशेष बचाव टीम को भी म्यांमार में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा एवं संचार इकाइयों सहित 118 कर्मियों का दल शनिवार रात म्यांमार की राजधानी नेपीता पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि टीम मुख्य रूप से मांडले में बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''दो सी-17 विमान भारतीय सेना की 118 सदस्यीय फील्ड अस्पताल इकाई, जिसमें महिला एवं बाल देखभाल सेवा के कर्मी शामिल हैं, और 60 टन राहत सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही भारत से आज कुल पांच राहत उड़ानें म्यांमार भेजी जा चुकी हैं।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मदद पहुंचाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत उस देश के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com

www.momentumorthocare.com




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** **Toll Free No. 1800 889 1704**

## म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप से तबाही

शुक्रवार को म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। आशंका है कि इसमें अभी 43 मजदूर फंसे हुए हैं। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। दीवारें फटने, इमारतों के गिरने से लोग दहशत में दिखे। शुरुआत आंकड़ों के अनुसार म्यांमार में 144 लोगों के मरने व सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। भूकंप के केंद्र के निकट स्थित यंगून ही नहीं म्यांमार के अनेक शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। इसके अलावा चीन के कुछ हिस्सों व थाइलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे।

दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता।जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। अस्पतालों में उपचार कराने वालों की लंबी कतारें देखी गई हैं। वहीं 2021 से सैन्य शासन के अधीन और गृहयुद्ध से जूझता म्यांमार इस प्राकृतिक आपदा के बाद हताश नजर आया। इंटरनेट का प्रयोग सीमित होने से वहां की स्थिति जानने में दिक्कत आ रही है। पहली बार सैन्य शासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की अपील की है। प्रधानमंत्री ने भूकंप पीड़ितों की मदद के लिये अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई को कहा है। म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से भी ऐतिहासिक रॉयल पैलेस व अन्य बिल्डिंगें गिरती नजर आई हैं। मांडले को राजधानी से जोड़ने वाली सड़कों में चौड़ी दरारें देखी गई हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे समेत जर्मनी व चीन की भूकंप पर नजर रखने वाली संस्थाएं भारी जन-धन के नुकसान की आशंका जता रही हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक भूकंप का केंद्र धरती से दस किलोमीटर नीचे होना बता रहे हैं। खबरें हैं कि म्यांमार की राजधानी नेपिडो में भी काफी क्षति हुई है। लोग भूकंप के ऑफ्टर शॉक के भय से खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। वहीं म्यांमार व थाईलैंड के अलावा इस भूकंप के झटके दक्षिण पश्चिम चीन के यून्नान प्रांत में महसूस किए गए। हालांकि, थाईलैंड में बड़े भूकंपों का इतिहास नहीं रहा है, लेकिन म्यांमार के भूकंप फॉल्ट लाइन पर होने के कारण भूकंप पहले भी आते रहे हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार वर्ष 1930 और 1956 के बीच देश के मध्य से गुजरने वाले सागैंग फॉल्ट के पास रिक्टर स्केल पर सात तीव्रता के छह भूकंप आ चुके हैं। निस्संदेह, पड़ोसी देश म्यांमार में आया भीषण भूकंप भारत के लिये भी चेतावनी है। देश में भूकंपरोधी निर्माण अनिवार्य करने और आपदा-राहत तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी प्रयासों के अलावा लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है।

# नवरात्रि का दूसरा दिन, जानें मां का स्वरूप

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। इस दिन देवी की आराधना करने से व्यक्ति के तप करने की शक्ति में अपार वृद्धि होती है।

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्माचारिणी की पूजा-उपासना होती है। मां दुर्गा के नौ शक्तियों में देवी ब्रह्माचारिणी का दूसरा स्वरूप है। ब्रह्माचारिणी दो शब्दो से मिलकर बना है। 'ब्रह्मा' का मतलब घोर तपस्या से है और 'चारिणी' का अर्थ होता है आचरण से। यानी माता का दूसरा स्वरूप तप का आचरण करने से होता है। धार्मिक मान्याओं क अनुसार नवरात्रि के दूसरे दिन मां के इस स्वरूप की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में कभी भी धन, संपत्ति और सुख की कमी नहीं होती है। मां दुर्गा के नव शक्तियों के इस दूसरे स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी ने अपने पूर्व जन्म में जब हिमालय के घर में पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं तब नारद के उपदेश से इन्होने भगवान शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अत्यंत कठिन तपस्या की थी। इस कठोर तपस्या के कारण इन्हें तपस्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से समस्त जगत में पूजा जाता है।

**मां ब्रह्माचारिणी का स्वरूप कैसा है**

मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप बहुत ही सुंदर और ममतामय है। वह सफेद रंग की साड़ी धारण करती हैं उनके एक हाथ में कमंडल



और एक हाथ में माला है। माता ब्रह्मचारिणी अपनी पूजन-अर्चन करने वाले भक्त को ज्ञान का आशीर्वाद देती हैं और उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता है।

**मां ब्रह्माचारिणी की पूजा-आराधना से प्राप्त होने वाला फल**

देवी दुर्गा के साधक नवरात्रि के दूसरे दिन अपने मन को स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित करते हैं और मां की कृपा प्राप्त करते हैं। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती हैं। इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति की प्राप्ति होती हैं। मां ब्रह्माचारिणी की पूजा-आराधना से जीवन के कठिन संघर्षों में भी व्यक्ति अपने कर्तव्य से विचलित नहीं होता।

**ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा विधि और आराधना मंत्र**

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने का विधान होता है। दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान करते हुए देवी को पंचामृत से स्नान कराएं व माँ को सुन्दर वस्त्र पहनाकर चुनरी अर्पित करें। फिर फूल, अक्षत, कुमकुम, सिन्दुर, अर्पित करें। देवी को सफेद और सुगंधित फूल चढ़ाएं। इसके अलावा कमल या गुड़हल का फूल भी देवी मां को चढ़ाएं। मिश्री या सफ़ेद मिठाई से मां को भोग लगाएं एवं माता की कपूर से आरती करें एवं हाथों में एक फूल लेकर उनका ध्यान करें।

# भूकंप के लिए मानवीय गतिविधियां भी हैं जिम्मेदार



सुनील कुमार महला

28 मार्च का दिन म्यांमार और थाइलैंड के लिए एक बहुत ही बुरा दिन था। इस दिन यहां आए जोरदार व शक्तिशाली भूकंप ने दोनों देशों को बुरी तरह से हिलाकर रख दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र से लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक तक भारी तबाही मचाई। इसके बाद आए 7.0 तीव्रता के एक और झटके ने स्थिति को और भी अधिक भयावह बना दिया। गौरतलब है कि भूकंप के झटके म्यांमार के अलावा थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत, वियतनाम और चीन तक महसूस किए गए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत, डर और खौफ का माहौल बन गया और इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1644 हो गई है। वहीं यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मानवीय सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है। भारत की 80 सदस्यीय एनडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ सी130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीदा पहुंच चुका है। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। भूकंप से हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं, वहीं अनेक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।अभी संख्या में इजाफा हो सकता है, क्यों कि मलबे के नीचे और अधिक लोग दबे हो सकते हैं।

उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। बैंकॉक शहर के अधिकारियों के अनुसार उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। जियोलॉजिस्ट्स(भूगर्भवेत्ताओं) के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। यहां तक कि भारत के मणिपुर तक भूकंप का असर हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2:31 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।



हालांकि, म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे के ढेर, टूटी सड़कें, और ढहती इमारतों का भयानक मंजर फैला हुआ है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे जिंदगी बचाने की जंग और मुश्किल हो गई है। भूकंप के कारण मरीजों को सड़कों पर लाकर इलाज करना पड़ा, यह दर्शाता है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा का मानव के पास कोई तोड़ नहीं है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि म्यांमार भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में,ग्लोबल सीस्मिक रिस्क मैप पर म्यांमार रेड जोन में है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में एक बहुत बड़ी दरार मौजूद है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सैगोंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सैगोंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है।इसे 'स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट' कहते हैं। इसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं।सैगोंग फॉल्ट में चट्टानों के खिसकने की अनुमानित रफ्तार 11 मिलीमीटर से 18 मिलीमीटर सालाना है।चट्टानों के लगातार खिसकने से ऊर्जा का दबाव बनता है और यह समय-समय पर भूकंप के रूप में ऊर्जा बाहर निकलती है।

बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के अंदर से ऊर्जा के निकलने के कारण तरंगें उत्पन्न होती हैं जो सभी दिशाओं में फैलकर पृथ्वी को कंपित करती हैं। भारत भी विश्व में भूकंप की दृष्टि से एक संवेदनशील क्षेत्र है। सच तो यह है कि भारत का लगभग 59% क्षेत्र विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिये प्रवण है।गौरतलब है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के महाद्वीपीय टकराव हिमालय में भूकंप के प्रमुख कारक हैं। जानकारी मिलती है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटें भी प्रतिवर्ष 40-50 मिलीमीटर की सापेक्ष दर से करीब आती जा रही हैं।यूरेशिया के नीचे भारत के उत्तर की ओर धकेलने/बढ़ने से कई भूकंप उत्पन्न होते हैं, फलस्वरूप यह इस क्षेत्र को पृथ्वी पर भूकंपीय रूप से सबसे अधिक खतरनाक क्षेत्रों में से एक बनाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पर्वत की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। विश्व की सबसे बड़ी भूकंप पेटी, परि-प्रशांत भूकंपीय पेटी, प्रशांत महासागर के किनारे पाई जाती है, जहाँ हमारे ग्रह के सबसे बड़े भूकंपों के लगभग 81% आते हैं। इसे 'रिंग ऑफ फायर' उपनाम से भी जाना जाता है।

यह ठीक है भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन बावजूद इसके यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भूकंप आने के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। आज मानव अप्राकृतिक निर्माण कार्य कर रहा है, प्रकृति से निरंतर छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। खनन, सुरंग निर्माण, बांध निर्माण, पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती आबादी के बीच अनियोजित शहरीकरण, औधोगिकीकरण हो रहा है। प्रकृति का हम ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। मनुष्य हर कहीं अपने लालच और स्वार्थ के चलते प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन कर रहा है। हाल ही में म्यांमार और थाइलैंड में आया भूकंप एक बार फिर यह बखूबी साबित करता है कि प्रकृति के सामने मनुष्य अत्यंत असहाय है। कहना चाहूंगा कि प्रकृति का विकराल रूप मानव समाज के सामने कई चुनौतियां खड़ी करता है। हम जानते हैं कि भूकंप का पूवार्नुमान कर पाना संभव नहीं है, भले ही आज हम एआइ के युग में ही प्रवेश क्यों न कर गये हों। म्यांमार के लिए यह बहुत बड़ी दुःख व संकट की घड़ी है। मानव ही मानव के काम आता है।इन भयावह और संकट भरे हालातों में पीड़ित लोगों के साथ सहानुभूति और मदद ही सबसे जरूरी है। वास्तव में, इंसानियत की भावना ही पीड़ितों के दुख को कम कर सकती है।

भारत सरकार ने दुःख की इस असीम घड़ी में पड़ौसी म्यांमार की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, यह काबिले-तारीफ है। बहरहाल, मानव भूकंप को रोक नहीं सकता है, लेकिन हमें प्रकृति का संरक्षण करना होगा, उसके साथ खिलवाड़ को बंद करना होगा, क्यों कि प्रकृति ही हमारी रक्षक है, इससे छेड़छाड़ करके हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं, यह हमें समझना होगा।प्रकृति से जुड़ाव रखना और उसकी देखभाल करना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी व कर्तव्य है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ये हमारी पालनहार और असली शिक्षक है। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में यह कहा गया है कि -'परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।पर-ोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्।।' यानी कि वृक्ष परोपकार के लिए फल प्रदान करते हैं , परोपकार के हित नदियां बहती हैं । गौवें/ गाएं परोपकार्थ ही दूध देती हैं और इन प्रतिमानों की उपमा देते हुए कहा गया है कि परोपकार प्रकृति का नैसर्गिक तत्व है मूल भाव है अतः हमें अपने इस शरीर से भी परोपकार करना चाहिए। प्रकृति उपहार है, हमें प्रकृति की रक्षा के लिए परोपकार करना है, कृतसंकल्पित होना है और हमारा यह परोपकार/कृतसंकल्प हमारी ही रक्षा करेगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रकृति है तो हमारा अस्तित्व है और यदि प्रकृति नहीं है तो हमारा भी अस्तित्व संभव नहीं है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र, लगातार फैलता आकाश, स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल प्रकृति का हिस्सा हैं, हमें इनकी हर हाल और परिस्थितियों में रक्षा करनी है। इतना ही नहीं,आज जरूरत इस बात की भी है कि आज हम भूकंप जनित खतरों के प्रति सुभेद्यता के अनुरूप विकास योजनाएँ बनाएं, ताकि पर्यावरण संतुलन के साथ सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 मार्च, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुकपक्ष द्वितीया, 09:12 तक , नक्षत्र : अश्विनी, 13:46 तक, योग : वैधृति, 13:39 तक, सूर्योदय: 5:31, सूर्यास्त: 17:51, चन्द्रोदय : 06:35, चन्द्रास्त: 20:02, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 07:05 से 08:37

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपकी जो भी इच्छाएं हैं, वे पूरी होंगी और आपको किस्मत का साथ मिलेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए लाभ और तरक्की का दिन है। कार्यक्षेत्र में किसी अधिकारी या व्यापारी से अनबन हो सकती है, इसलिए सावधान रहें। शत्रु आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन सफलता और तरक्की से भरा रहेगा। कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को सफलता मिलेगी। तरक्की के योग हैं और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके जीवनसाथी और व्यापारिक साझेदार आपका सहयोग करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन भाग्यशाली है। आपको सफलता मिलेगी और आपका दिन शुभ होगा। जो काम चल रहे हैं, उनमें सावधानी बरतें। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति के योग बन रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आप अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर लेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में लाभ और सफलता मिलेगी और आपका दिन सुख-समृद्धि से भरा होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन मिला-जुला रहेगा। मन थोड़ा परेशान रह सकता है, लेकिन शाम तक अच्छी खबर मिल सकती है। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन सफलता और तरक्की से भरा रहेगा। आपको अपने आसपास के वातावरण से लाभ होगा। आपको किसी प्रिय व्यक्ति की मदद करनी पड़ सकती है।

**मकर :** मकर राशि वालों को नई डील से अचानक लाभ होगा। आपको तरक्की मिलेगी। महत्वपूर्ण काम करते समय या गाड़ी चलाते समय तनाव न लें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर में लाभ होगा। आपको किसी बड़ी सफलता की खुशी मिलेगी। बड़ी मात्रा में धन लाभ होगा। दिन के दूसरे हिस्से में घर के विवाद सुलझेंगे।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन बच्चों की तरफ से खुशियां लेकर आएगा और आप उनके करियर को लेकर खुश रहेंगे। आज का दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## विदेश की खबरें

# ईरान ने ट्रंप के पत्र के जवाब में अमेरिका के साथ सीधी बातचीत को खारिज किया

दुबई : ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को कहा कि तेहरान ने उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पत्र के जवाब में अमेरिका के साथ सीधी बातचीत को खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर चिंता जताते हुए हाल में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई को पत्र भेजा था। पेजेशकियान ने ओमान के जरिये दी अपनी प्रतिक्रिया में वाशिंगटन के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता की संभावनाएं बरकरार रखी हैं। हालांकि, इस तरह की वार्ता बहुत कारगर साबित नहीं हुई हैं, क्योंकि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान उस परमाणु समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था, जो 2018 में विश्व शक्तियों के साथ तेहरान ने किया था। इसके बाद के वर्षों में, क्षेत्रीय तनाव समुद्र और ज़मीन पर हमलों में बदल गया। फिर गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध हुआ, जिसमें इजराइल ने आतंकवादी समूह के नेताओं को निशाना बनाया। अमेरिका यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर तेज हवाई हमले कर रहा है, ऐसे में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई का जोखिम बना हुआ है। पेजेशकियान ने एक कैबिनेट बैठक के दौरान टेलीविजन पर कहा, 'हम बातचीत से नहीं बचते हैं, लेकिन वादों के उल्लंघन के कारण हमारे सामने कुछ मुद्दे हैं। उन्हें (अमेरिका) यह साबित करना होगा कि वे विश्वास बहाली कर सकते हैं।' व्हाइट हाउस, अमेरिकी विदेश विभाग या अन्य अधिकारियों ने इस घोषणा पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप के पत्र के बाद ईरान का रुख सख्त हो गया है। पेजेशकियान द्वारा इस निर्णय की घोषणा से पता चलता है कि उनके चुनाव के बाद से ईरान में अब तक कितना बदलाव आया है, क्योंकि उन्होंने छह महीने पहले चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी देशों के साथ फिर से बातचीत करने का वादा किया था। ट्रंप के चुनाव जीतने और तेहरान पर उनके अधिकतम दबाव अभियान के फिर से शुरू होने के बाद से ईरान की रियाल मुद्रा में भारी गिरावट आई है। पेजेशकियान ने बातचीत के लिए रास्ता खुला रखा था, जब तक कि ईरान के खामेनेई ने फरवरी में ट्रंप पर निशाना नहीं साधा था और चेतावनी दी थी कि उनके प्रशासन के साथ बातचीत बुद्धिमानी, समझदारी या सम्मान के लायक नहीं है।' इसके बाद ईरानी राष्ट्रपति ने तुरंत अमेरिका पर अपनी टिप्पणी को कड़ा कर दिया। ट्रंप का पत्र 12 मार्च को तेहरान पहुंचा था। हालांकि, टंप ने एक टेलीविज़न साक्षात्कार में घोषणा की कि उन्होंने इसे लिखा है। लेकिन ट्रंप ने इस बारे में बहुत कम जानकारी दी कि उन्होंने सर्वोच्च नेता से वास्तव में क्या कहा है। साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, ''मैंने उन्हें एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि मुझे उम्मीद है कि आप बातचीत करेंगे, क्योंकि अगर हमें सैन्य रूप से आगे बढ़ना पड़ा, तो यह एक भयानक बात होगी।

# काठमांडू में डिपार्टमेंटल स्टोर में लूटपाट के आरोप में भारतीय नागरिक समेत नौ लोग गिरफ्तार

**काठमांडू :** काठमांडू में राजशाही समर्थक प्रदर्शन के दौरान एक डिपार्टमेंटल स्टोर में लूटपाट के आरोप में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बिहार का पटना निवासी रवि रंजन कुमार शुक्रवार के विरोध प्रदर्शन और तोड़फोड़ के दौरान भटभटनी डिपार्टमेंटल स्टोर में लूटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों में शामिल है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोगों ने दुकान से व्हिस्की की बोतलें, फल, बीयर और मेकअप का सामान लूटा था। 'काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच, नेपाल अकादमी के पूर्व कुलपति जगमन गुरुंग को 'राजशाही बहाली आंदोलन समिति' का प्रमुख नियुक्त किया गया है। गुरुंग समिति के कार्यवाहक कमांडर के रूप में कार्यभार संभालेंगे, क्योंकि समिति के कमांडर नवराज सुबेदी को शुक्रवार के हिंसक प्रदर्शनों के बाद घर में नजरबंद कर दिया गया है। इस बीच, काठमांडू जिला पुलिस कार्यालय ने रविवार को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के महासचिव और उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा सहित 41 लोगों को काठमांडू जिला अदालत में पेश किया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की। शुक्रवार के हिंसक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में अब तक 110 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## वर्ग पहेली नं. 3048

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | | ■ | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | ■ | 10 | | 11 |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | 15 | | ■ | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | ■ |
| 21 | | 22 | | ■ | 23 | 24 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 25 | ■ | | ■ | 26 | 27 |
| 28 | | | ■ | 29 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 2) ख़्याल; नहीं, 4) देवनागरी वर्णमाला के व्यंजनों के बारह स्वरों से युक्त रूप, 6) स्थिर दृष्टि, 8) अस्वीकृति, 10) दिन के *11 · 59* बजे से पहले *(अंग्रेजी)*, 12) अंश; हुनर, 13) ट्रक; कुली, 16) बरतन, 17) मत; सुझाव, 18) आम का एक पका पेय; कपड़ा चौड़ाई, 19) मृत्यु, 20) बेसन लच्छा, 21) माधुर्यपूर्ण, 23) सदाचारी, 26) अमृत; शहद, 28) मेघविद्युत, 29) क्रमहीन; अस्तव्यस्त.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अकस्मात, 2) बटाणा *(एक अनाज)*, 3) इस के आगे नहीं, 4) शेष, 5) प्रत्येक, 7) यान छत, 9) वह स्थान जहाँ निर्धारित मूल्यों से अधिक दर पर आवश्यक वस्तुएं मिलती हैं, 11) मुरझाना; फ़िदा होना; उजड़ना; दुनिया से जाना, 13) जादूगरनी, 14) भारत में एक प्रमुख शहर, 15) घोड़ा, 18) बजरंगबली, 20) परिचर्या, 21) पियक्कड़, 22) स्थानांतरण, 24) तर्कहीन, 25) चोट; नुकसान; हानि, 27) तीखा छोर; प्रवाह.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ब्ज | ■ | ह | रा | म | ख़ो | र | ■ | ज |
| स | ■ | प | द | ■ | नो | ■ | ग | ह | न |
| र | फ़्ता | र | ■ | तु | रं | त | ■ | ठ | ग |
| दा | ■ | चा | चा | ■ | ज | न | ता | ■ | ण |
| र | सा | ■ | ला | ल | न | ■ | री | झ | ना |
| ■ | ध | म | क़ी | ■ | ■ | स | फ | ल | ■ |
| मा | न | क | ■ | क़ | स | र | ■ | क | ■ |
| सि | ■ | ब | दौ | ल | त | ■ | अ | ना | थ |
| क | म | रा | ■ | म | ह | ता | ब | ■ | न |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | 4 | |
| | 8 | 1 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 3 | | | | | | 2 | | |
| | | | | | 4 | 6 | | |
| | | | | 1 | | | | |
| | 4 | | | | | | 1 | 8 |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3007 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 4 |



# यदि तृणमूल बंगाल में सत्ता में बनी रही तो हिंदुओं के लिए खड़ा हो जाएगा अस्तित्व का संकट : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि यदि 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी तृणमूल कांग्रेस राज्य में सत्ता में बनी रही तो एक दिन राज्य के हिंदुओं को अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ेगा। उनकी ये टिप्पणी मालदह जिले के मोथाबारी इलाके में हुई सांप्रदायिक झड़पों की पृष्ठभूमि में आई हैं। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में एक कार्यक्रम के दौरान आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार उन 'जिहादी' तत्वों के



खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है, जिनका मनोबल मोथाबारी जैसे स्थानों पर हिंदुओं पर हमला करने और उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने की हद तक बढ़ गया है और उन्हें किसी बात का डर नहीं है। विपक्ष के नेता ने कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आयी तो मोथाबारी और इससे पहले मुर्शिदाबाद के बेलडांगा, हावड़ा के श्यामपुर जैसे स्थानों पर हिंदुओं पर हुए हमलों के पीछे शामिल सभी जिहादी तत्वों का पता लगाया जाएगा, उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और दंडित किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण राज्य में हिंदू 85 प्रतिशत से घटकर 67 प्रतिशत रह गये हैं। भाजपा नेता ने कहा कि अगर ममता बनर्जी सरकार कुछ और साल सत्ता में बनी रहती है, तो यह प्रतिशत और कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हिंदुओं की सभी जातियों एवं पंथों के लिए एक लड़ाई होगी और इस लड़ाई में उन्हें एकजुट होना होगा अन्यथा उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हाल ही में, बारुईपुर में भाजपा की रैली के दौरान किए गए विरोध का जिक्र करते हुए विपक्ष के नेता ने कहा कि मेरे वाहन को जिहादी तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, लेकिन उन्हें जल्द ही 2026 में करारा जवाब मिलेगा।

# फ्लैट पर कब्जे को लेकर बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

## पुलिस ने बेलेघाटा में युवक की मौत का रहस्य सुलझाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लैट पर कब्जे को लेकर बड़े और छोटे भाई के बीच विवाद और उसी विवाद में बड़े भाई ने सब्जी काटने वाले चाकू से छोटे भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त का नाम अभिषेक मंडल है। पुलिस ने बेलेघाटा निवासी एक युवक की मौत का रहस्य सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार बड़े भाई ने हत्या की बात कबूल कर ली है। बता दें कि गत गुरुवार को रोहन मंडल नामक युवक का शव बेलेघाटा स्थित उसके घर से बरामद किया गया। रोहन घर के एक कमरे में बिस्तर पर लेटा हुआ मिला था। उसकी पीठ पर खून के धब्बे थे। बेलेघाटा थाने को तुरंत सूचित किया गया था। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बात पर संशय बना हुआ है कि रोहन ने हत्या की या आत्महत्या। परिवार के सदस्यों का दावा था कि रोहन कई महीनों से मानसिक अवसाद से ग्रस्त था। इससे पहले भी उसने कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। परिवार का दावा था कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, युवक की छाती पर खून के धब्बे देखकर जांचकर्ताओं को संदेह हुआ। शनिवार को घटना ने नया मोड़ ले लिया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआत में, पुलिस को संदेह था कि किसी बाहरी व्यक्ति ने घर में घुसकर युवक की हत्या की है। लेकिन जांच में रोहन के बड़े भाई अभिषेक मंडल का नाम सामने आया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी ने सब्जी काटने वाले चाकू से रोहन की हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल था।

### नदिया में पोल्ट्री फार्म भीषण आगजनी में जलकर राख, तीन हजार मुर्गियां मरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज ब्लॉक के बड़ो ईटना गांव में स्थित एक पोल्ट्री फार्म भीषण आगजनी में जलकर राख हो गया। पता चला है कि यूनुस मंडल का पोल्ट्री फार्म गांव के एक छोर पर स्थित है। पोल्ट्री फार्म के ऊपर से 11,000 वोल्ट की बिजली लाइन गुजर रही है। आरोप है कि तार टूटकर पोल्ट्री फार्म में गिर गया जिससे फार्म में भीषण आग लग गई। आग तुरन्त ही भयावह हो गयी। आग इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने का कोई उपाय नहीं था। परिणामस्वरूप, कुछ ही क्षणों में पोल्ट्री फार्म पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस आगजनी में लगभग तीन हजार मुर्गियां मर गईं। बताया जा रहा है कि करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पोल्ट्री फार्म में आग लगने के बाद एक दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची।

## पति को वीडियो कॉल कर पत्नी ने की आत्महत्या, बेहाला में नवविवाहिता का लटकता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** शादी के डेढ़ महीने के अंदर पर्णश्री थाना इलाके में एक नवविवाहिता का लटकता शव घर से बरामद हुआ। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, उसने अपने पति को वीडियो कॉल करके यह कठोर निर्णय लिया। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि बेहाला के पाठकपाड़ा की गृहिणी ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया? पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान पूजा सिंह (28) के रूप में की गई है। बताया गया है कि पूजा की शादी डेढ़ महीने पहले बेहाला के पाठकपाड़ा निवासी आईटी कर्मचारी मुकेश सिंह से हुई थी। शनिवार की रात पति मुकेश घर पर नहीं था। पूजा ने उसे वीडियो कॉल किया था। मुकेश का दावा है कि उसने कुछ देर तक बातचीत की। फिर, उसने कहा कि वह आत्महत्या करने जा रही है। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, उसने फोन काट दिया। घर लौटने पर उसने अपनी पत्नी का शव कमरे में लटका हुआ पाया। घटना की सूचना तुरंत पर्णश्री थाने को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि पूजा ने आत्महत्या क्यों की। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि पूजा का अपने पति सहित ससुराल वालों के साथ किस तरह का रिश्ता था और क्या वह मानसिक या शारीरिक शोषण का शिकार थी। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है। जांचकर्ता घटना की सच्चाई जानने के प्रयास में मृतक के माता-पिता और ससुराल वालों से बात कर रहे हैं।

## हत्या के मामले में गैरकानूनी गिरफ्तारी! दो थाना प्रभारियों पर विभागीय जांच, राज्य सरकार पर भी जुर्माना

**कोलकाता :** हत्या के मामले में गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तारी करने के आरोप में गोबरडांगा और गैघाटा थाना प्रभारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। इसके साथ ही, अदालत ने राज्य सरकार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह आदेश बनगांव अदालत के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश (2) प्रदीप कुमार अधिकारी ने दिया।

अदालत सूत्रों के अनुसार, अप्रैल 2024 में शिक्षक मसीउर रहमान को उनके भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने गैघाटा के जामदानी-मधुसूदनकट्टी रोड पर मिजानुर रहमान का क्षत-विक्षत शव बरामद किया था। मसीउर रहमान मृतक के भाई हैं और बासिरहाट के दक्षिण चातरा इलाके में रहते हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार



कर बनगांव महकुमा अदालत में पेश किया था, जहां उनके खिलाफ मुकदमा चल रहा है।

मसीउर रहमान के वकीलों ने अदालत में दलील दी कि गिरफ्तारी अवैध रूप से की गई थी और इसमें दंड प्रक्रिया संहिता व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन नहीं किया गया। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए गोबरडांगा और गैघाटा थाने के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए और राज्य सरकार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अभियुक्त के वकील मुकुल विश्वास ने कहा, शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने माना कि गिरफ्तारी गैरकानूनी थी। इसके अलावा, पुलिस लॉकअप में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न की शिकायतों को भी अदालत ने गंभीरता से लिया। इसी कारण न्यायाधीश ने मेरे मुवक्किल को जमानत दे दी।

इसके साथ ही अदालत ने थाने के सीसीटीवी फुटेज और डेली डायरी की रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया है। वकील ने कहा, पुलिस को याद रखना चाहिए कि वे मनमाने तरीके से किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर सकते। न्यायपालिका ही अंतिम निर्णय लेगी, न कि पुलिस।

## टीटागढ़ में ऑटो चालक की 'दादागिरी', बहस के दौरान राहगीर पर धारदार हथियार से हमला, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के टीटागढ़ में एक ऑटो चालक की 'दादागिरी' का मामला सामने आया है। पता चला है कि उस पर सड़क पर हुए एक विवाद में एक पैदल यात्री पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया गया है। सिर में चोट के साथ घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। खतरा टल जाने के बाद प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पीड़ित व्यक्ति ने खड़दह थाने में ऑटो चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ऑटो के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह टीटागढ़ के विवेकनगर निवासी दीपेन मंडल अपने बेटे को ट्यूशन से लेकर लौट रहे थे। टीटागढ़-खड़दह के बीच टाटा गेट के पास अचानक उनका एक ऑटो चालक से झगड़ा हो गया। कथित तौर पर, बहस के दौरान, ऑटो चालक ने अपने ऑटो से एक धारदार हथियार निकाला और दीपेन के सिर पर जोरदार वार कर दिया। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ घायल दीपेन को खड़दह स्थित बलराम अस्पताल पहुंचाया। उसके सिर पर तीन टांके लगाने पड़े। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसके बाद, वह पुलिस स्टेशन गया और ऑटो चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

**नाम परिवर्तन**

मैं, सिमी खन्ना पत्नी राजेंद्र कुमार खन्ना, निवासी 47/1, देशप्राण सासमल रोड, पोस्ट ऑफिस-कदमतला, पिन कोड- 711101 ने अपना नाम बदल लिया है और अब से मुझे सिम्मी खन्ना के नाम से जाना जाएगा, जैसा कि मैंने एल.डी. कार्यकारी मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी), हावड़ा के समक्ष हलफनामा संख्या 4818/25 दिनांक 26.03.25 के माध्यम से घोषित किया है। सिमी खन्ना और सिम्मी खन्ना दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

---

मैं, राजेंद्र खन्ना पुत्र गणेश दास खन्ना, निवासी 47/1, देशप्राण सासमल रोड, पोस्ट ऑफिस-कदमतला, पिन कोड- 711101 ने अपना नाम बदल लिया है और अब से मुझे राजेंद्र कुमार खन्ना के नाम से जाना जाएगा, जैसा कि मैंने एल.डी. कार्यकारी मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी), हावड़ा के समक्ष हलफनामा संख्या 5016/25 दिनांक 28.03.25 के माध्यम से घोषित किया है। राजेंद्र खन्ना और राजेंद्र कुमार खन्ना दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

### कल्याणी एक्सप्रेसवे के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के घोला थाना अंतर्गत कल्याणी एक्सप्रेसवे के किनारे रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव के माथे पर चोट का निशान मिला है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कल्याणी एक्सप्रेसवे पर खेबली बील के किनारे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इस दिन, सुबह में सड़क पर चल रहे लोगों ने शव देखा। क्षेत्र के निवासियों का दावा है कि वह व्यक्ति लगभग 60 वर्ष का है। कुछ लोग इसे स्वीकार करने में अनिच्छुक हैं। इसी बीच पुलिस को सूचना दे दी गई। मृतक का नाम पता नहीं चल पाया है। मृतक के माथे पर चोट के निशान हैं। स्थानीय लोगों को संदेह है कि किसी बाहरी व्यक्ति ने उसकी हत्या कर दी और उसे यहां छोड़ गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद जांच शुरू कर दी है।

## बाघाजतिन में वृद्धा की मौत मामले में बेटा गिरफ्तार, घटना के तीन दिन बाद थाने में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले बुधवार को बाघाजतिन इलाके के विद्यासागर कॉलोनी स्थित एक फ्लैट से एक बुजुर्ग महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि वृद्ध महिला का बेटा भी उसी फ्लैट में रहता था। हालांकि, घटना के बाद से उसका पता नहीं चल पा रहा था। इस बार, वही लड़के ने तीन दिन बाद पुलिस स्टेशन जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पता चला है कि रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे मृतक का बेटा थाने पहुंचा। वहां उसने अपना अपराध स्वीकार किया और आत्मसमर्पण कर दिया है। उसने बताया कि पहले मां की गला घोंटकर हत्या की और फिर उसे जला दिया गया। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। मृतक की



पहचान मालविका मोइत्रा (72) के रूप में हुई है। वर्ष 2022 से वह विद्यासागर कॉलोनी इलाके में एक कमरा किराए पर लेकर रह रही थी। उनके बेटे अभिजीत मोइत्रा उनके साथ रहता था। अभिजीत बुधवार की सुबह भी अन्य दिनों की तरह काम पर निकला। दोपहर करीब 12:30 बजे पड़ोसियों ने फ्लैट से काला धुआं निकलते देखा। स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। पाटुली थाना पुलिस ने भी आग पर काबू पाया और फ्लैट में प्रवेश किया तो वृद्ध महिला जली हुई अवस्था में बिस्तर पर पड़ी मिली। उसके पैरों पर पट्टियां बंधी हुई थी। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वृद्धा के बेटे अभिजीत से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। हालांकि, उनका फोन संपर्क में नहीं था। पुलिस को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि घर का दरवाजा बाहर से बंद था और बेटे का फोन भी नहीं लग रहा था। पुलिस अभिजीत की भी तलाश कर रही थी। अंततः उसने रविवार को पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस को बताया कि उसे आराम से जीवन जीने के लिए पैसों की जरूरत थी। उसने पैसों के लिए अपनी मां की हत्या कर दी। दोपहर बाद अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## चारु मार्केट में किराए के मकान से युवक का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट में किराए के मकान से एक युवक का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक का नाम अविनाश बाउरी (22) है। वह आसनसोल के बराकर का निवासी था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना दक्षिण कोलकाता के चारू मार्केट थाना क्षेत्र में हुई। शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे सूचना मिलने पर डीपीएस रोड स्थित एक बहुमंजिली इमारत के बंद कमरे से एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस पहुंची तो देखा कि युवक घर के अंदर जमीन पर पड़ा है। उसका परिवार आसनसोल में रहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण



कोलकाता के चारु मार्केट थाना क्षेत्र में एक युवक की वॉलपेपर की दुकान है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वह व्यवसाय के सिलसिले में यहां रहता था। युवक चारु मार्केट में किराये पर मकान लेकर रह रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने युवक की असामान्य मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजभवन ने जेयू के पूर्व कुलपति के खिलाफ दिया कानूनी कार्रवाई का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजभवन ने जादवपुर विश्वविद्यालय के हटाए गए कुलपति भास्कर गुप्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया है। दीक्षांत समारोह की धनराशि विश्वविद्यालय के खाते में वापस करने के आदेश के बाद अब राजभवन ने भास्कर गुप्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए है। दीक्षांत समारोह अवैध था। धन का कोई हिसाब नहीं है। आचार्य व राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने धन वापस न किए जाने पर उनके खिलाफ कदम उठाने की चेतावनी दी है। राजभवन ने एक मार्च की घटना के संबंध में भी जवाब तलब किया है।

## संदिग्ध दवाओं की पहचान करेगा क्यूआर कोड, स्वास्थ्य विभाग का नया निर्देश

**कोलकाता :** अब क्यूआर कोड स्कैन करते ही पता चल जाएगा कि कोई दवा असली है या नकली। स्वास्थ्य भवन ने निर्देश दिया है कि सभी दवा दुकानों में क्यूआर कोड लगाए जाएं, जिससे ग्राहक 300 संदिग्ध दवाओं की सूची से अपनी खरीदी गई दवा का मिलान कर सकें।

हाल ही में हुगली, बर्धमान और कोलकाता समेत कई इलाकों में नकली दवाओं की बरामदगी के बाद केंद्र और राज्य स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। अब तक 300 दवाओं को नकली के रूप में चिह्नित किया गया है, जिनमें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, इनहेलर और इंजेक्शन जैसी आम दवाएं शामिल हैं।

ड्रग कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग को यह क्यूआर कोड भेजा है



और निर्देश दिया है कि दवा विक्रेता किसी भी दवा की खरीद से पहले इसे स्कैन कर सत्यापित करें। यदि सूची में नाम मिलता है, तो उसे नकली माना जाएगा।

इसके अलावा, ग्राहकों को भी जागरूक करने के लिए राज्य ड्रग कंट्रोल ने आदेश दिया है कि सभी दवा दुकानों और होलसेल गोदामों में यह क्यूआर कोड प्रदर्शित किया जाए। इससे ग्राहक और विक्रेता दोनों ही दवा की प्रामाणिकता की जांच कर सकेंगे।

## कांथी सहकारी बैंक चुनाव में तृणमूल की जबरदस्त जीत, शुभेंदु अधकारी युग का अंत!

**पूर्व मेदिनीपुर :** पश्चिम बंगाल में कांथी सहकारी बैंक चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी जीत दर्ज की, जबकि भाजपा पूरी तरह हार गई। इस चुनाव को लेकर काफी तनाव और हिंसा देखी गई, लेकिन अंततः तृणमूल ने अपनी पकड़ साबित कर दी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस जीत के साथ ही लगातार 23 साल तक अध्यक्ष रहे शुभेंदु अधिकारी के दौर का अंत हो गया।

शनिवार को कांथी कृषि और ग्रामोन्नयन सहकारी बैंक (कार्ड बैंक) के 11 केंद्रों पर मतदान हुआ। कुल 78 सीटों में से 18 सीटों पर तृणमूल उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध विजयी हो चुके थे, जबकि शेष 60 सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय विद्यालय के मतदान केंद्र के पास




तृणमूल और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई।

सबसे ज्यादा हिंसा रामनगर कॉलेज परिसर में देखी गई, जहां तृणमूल विधायक अखिल गिरी पर हमला हुआ। आरोप है कि मतदान केंद्रों पर पहचान पत्र होने के बावजूद कई मतदाताओं को अंदर जाने से रोका गया। जब अखिल गिरी ने इसका विरोध किया, तो उन पर हमला किया गया।

इन तमाम तनावों के बावजूद, तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव में शानदार जीत दर्ज की, जिससे यह साफ हो गया कि क्षेत्र में उसका जनाधार मजबूत बना हुआ है।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना सं0: 30/2024-25 (खुली)/उमुइं।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज, रायबरेली के पहिया कारखाना में काले पहियों के लिए भंडारण स्थान का विस्तार (3x36 मीटर x 42 मीटर) एफडब्लूपी कॉलोनी के संतुलन कार्य, जल उपचार संयंत्र के लिए अतिरिक्त बोर और भंडारण टैंक, अतिरिक्त सीसीआर बार भंडारण प्रणाली, रखरखाव के स्पेयर का भंडारण (36x42 मीटर) अतिरिक्त तैयार पहियों का भंडारण स्थान (36 मीटर x 42 मीटर), विस्तार के लिए अतिरिक्त सीमा दीवार (लगभग 350 मीटर), और एफडब्लूपी क्षेत्र में अन्य विविध कार्य। **निविदा संख्याः** 31/2024-25 **अनुमानित लागत (₹)** 20,88,15,066.52 **निविदा खुलने की तिथिः** 02.05.2025 **कार्य समापन की अवधि-** 18 माह • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
**उप मुख्य इंजीनियर-।**

**ई-निविदा सूचना सं0: 31/2024-25 (खुली)/उमुइं।।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-।।/आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज, रायबरेली के आवासीय परिसर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का संचालन और रखरखाव और खेल गतिविधियों के लिए मावन शक्ति की आपूर्ति का कार्य दो वर्षों के लिए अर्थात 2025-26 और 2026-27। **निविदा संख्याः** 28/2024-25 **अनुमानित लागत (₹)** 2,76,91,692.80 **निविदा खुलने की तिथिः** 30.04.2025 **कार्य समापन की अवधि-** 24 माह • निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
**उप मुख्य इंजीनियर-।।**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली आधारित अर्थात टेक्निकल बिड एवं फिनेंसियल बिड खुली निविदा संख्याः एमसीएफ-एफ डब्लू पी-006-III-26032025 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार 24 महीने के लिए शिफ्ट संचालन, निवारक और ब्रेकडाउन रखरखाव का प्रबंधन करने के लिए फोर्ज्ड व्हील प्लांट-एमसीएफ के ई एंड एएम अनुभाग के लिए संविदात्मक जनशक्ति (इलेक्ट्रिकल) की आवश्यकता। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 93,41,210.40 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** 5,000.00। **अमानत राशिः (₹)** 1,86,800.00 **मात्रा** -कुशल जनशक्ति (इलेक्ट्रिकल) -6000 मानव दिवस (10 नग प्रति दिन) एवं अर्ध कुशल जनशक्ति (इलेक्ट्रिकल)-3000 मानव दिवस (05 नग प्रति दिन)। कार्य समाप्ति की अवधि' 600 कार्य दिवस। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**- दिनांक **18.04.2025** को **15:00** बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी**

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### ई.एम. बायपास पर सड़क दुर्घटना, मोटरसाइकिल सवार घायल

**कोलकाता :** प्रगति मैदान थाना क्षेत्र में ई.एम. बायपास स्थित एनएक्स होटल के सामने एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार अंगित भौमिक (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। अंगित भौमिक, जो गांगुली बागान, के निवासी हैं, दुर्घटना के समय हेलमेट पहने हुए थे। उन्हें बेलव्यू नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना तब हुई जब एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर तीन गाड़ियों की टक्कर, बच्चा घायल

**कोलकाता :** बेलघरिया एक्सप्रेसवे के मलंच इलाके में तीन गाड़ियों की टक्कर से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना दक्षिणेश्वर से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर हुई, जिससे सड़क पर भारी जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति और गाड़ियों की होड़ के कारण यह हादसा हुआ। दक्षिणेश्वर से एयरपोर्ट जाने वाली लेन में अचानक तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गौरतलब है कि बेलघरिया एक्सप्रेसवे पर अक्सर रफ्तार की होड़ के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोग प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं और जल्द से जल्द सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं।

## परिवहन क्षेत्र में घाटा, लेकिन लगातार बढ़ रहा नेशनल हाईवे टोल टैक्स! बस संगठन ने परिवहन विभाग को लिखा पत्र

**कोलकाता :** नई वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स में बढ़ोतरी होने जा रही है। 1 अप्रैल से टोल टैक्स 5% बढ़ जाएगा, जिससे देशभर में सड़क परिवहन की लागत बढ़ेगी। लेकिन निजी बस ऑपरेटरों की आय उतनी नहीं बढ़ रही। इसी कारण पश्चिम बंगाल के जॉइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट ने राज्य परिवहन विभाग को पत्र लिखकर टोल वृद्धि रोकने और उचित उपाय करने की मांग की है।

बस संगठन का कहना है कि राज्य में लंबे समय से बस किराया नहीं बढ़ाया गया है, जबकि टोल टैक्स लगातार बढ़ रहा है। लोग सार्वजनिक परिवहन के बजाय निजी वाहनों का अधिक उपयोग करने लगे




हैं। इसके अलावा, कम यात्रियों के कारण बसों की आमदनी घट रही है। ऐसे में अगर टोल टैक्स फिर बढ़ाया गया, तो पहले से संघर्ष कर रहे बस ऑपरेटरों के लिए सेवाएं जारी रखना मुश्किल हो जाएगा। संगठन के महासचिव तपन बंद्योपाध्याय ने कहा कि सरकार को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और बस किराए में वृद्धि की अनुमति देनी चाहिए।

तपन बंद्योपाध्याय ने बताया, राज्य के कई जिलों में एक बस को रोजाना 500 से 2100 रुपये तक टोल चुकाना पड़ता है। अब इसमें और वृद्धि हो रही है। केंद्र सरकार डीजल के दाम अपने हिसाब से बढ़ाती है, वाहन के स्पेयर पार्ट्स और इंश्योरेंस की कीमतें भी बढ़ रही हैं। ऐसे में बस सेवा जारी रखना संभव नहीं है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में बसों की संख्या लगातार घट रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिलों में बस परिवहन की स्थिति और भी खराब है। जिला स्तर पर बसों का खर्च आम बसों की तुलना में ज्यादा होता है। संगठन ने प्रशासन से बार-बार गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिला। अब बस संगठन ने परिवहन मंत्री से हस्तक्षेप की अपील की है और बस किराए में तत्काल वृद्धि की मांग की है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल को मोथाबाड़ी जाने से रोका गया

❑ **सादुल्लापुर में सुकांत मजूमदार लिए गए हिरासत में, कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन**

**मालदह :** मालदह जिले के मोथाबारी में तनाव जारी है। रविवार को केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को मोथाबाड़ी जाने के क्रम में इंग्लिशबाजार के सादुल्लापुर में रोक दिया गया। इसके विरोध में भाजपा नेताओं ने सादुल्लापुर में राज्य मार्ग पर आगजनी कर विरोध जताया। कार्यक्रम में सुकांत के साथ उत्तर मालदह के सांसद खगेन मुर्मू व अन्य भी मौजूद थे। मोथाबारी में अशांति को लेकर भाजपा की ओर से रविवार को विरोध कार्यक्रम बुलाया गया था। इसी के तहत मालदह शहर से मोथाबारी तक बाइक रैली का



आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने किया। इस दिन, रैली को रोकने के लिए सादुल्लापुर में पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गयी थी। भारी फोर्स भी तैनात रखी गई थी। भाजपा नेताओं ने पहले लोहे की बैरिकेडिंग तोड़ दिया, लेकिन वे करीब 10 फीट ऊंचे बांस के दूसरे बैरिकेड को नहीं तोड़ सके, जिसके बाद भाजपा ने सड़क पर बैठकर अपना विरोध शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सुकांत मजूमदार सहित कई नेताओं और समर्थकों को हिरासत में लेना पड़ा। महिलाओं ने अपने ऊपर अत्याचार का आरोप लगाया। इस दौरान, सुकांत मजूमदार ने राज्य सरकार और पुलिस के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि बंगाल के लोग देख रहे हैं कि यहां क्या हो रहा है। राज्य की पुलिस सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि पुलिस ग्रामीणों को रामनवमी पूजा न करने का निर्देश कैसे दे सकती है? पुलिस ऐसा नहीं कर सकती। मैंने लोगों से बिना किसी डर के रामनवमी मनाने को कहा है।

❑ **मोथाबाड़ी में सांप्रदायिक तनाव जारी, 57 लोग गिरफ्तार**

मालदह जिले के मोथाबाड़ी में तनाव जारी है। यहां पर पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हमले हुए थे। राज्य पुलिस ने इस मामले में अब तक 57 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### कांग्रेस सांसद ने हिंसा प्रभावित मोथाबाड़ी में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग

**मालदह :** कांग्रेस सांसद ईशा खान चौधरी ने मालदह जिले के संघर्ष प्रभावित मोथाबाड़ी इलाके में पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों की तत्काल तैनाती की मांग की। शनिवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव को लिखे पत्र में ईशा खान चौधरी ने कहा कि मैं शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए कुछ मार्गों पर पैदल मार्च सहित गश्त के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तत्काल तैनाती का अनुरोध करता हूं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से शांति-व्यवस्था बहाल करने के लिए शीघ्र और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# चंद्रकोणा में तंत्र क्रिया के लिए बच्चे की बलि देने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** चार साल के बच्चे को तंत्र क्रिया के लिए बलि देने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार की रात जिले के चंद्रकोणा रोड पर सरगा गांव में घटी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम रंजीत रुइदास (50) है। उस पर आरोप है कि वह पड़ोसी रिश्तेदार के चार साल के बच्चे को अपने घर की अटारी में ले गया और उसे सिंदूर लगाकर तंत्र साधना करने की कोशिश की। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चा नहीं मिला तो परिवार के सदस्य बेचैनी से उसकी तलाश करने लगे। बाद में, उन्हें रंजीत के घर की अटारी



से बचाया गया, जहां उनका पूरा शरीर सिंदूर से सना हुआ था। जानकारी के अनुसार, सरगा गांव की एक महिला अपने दूध पीते बच्चे को सुलाकर कुछ देर के लिए घर से बाहर गई थी। थोड़ी देर बाद जब वह वापस लौटी तो देखा कि बच्चा घर पर नहीं था। खोज शुरू होती है, तभी एक पड़ोसी ने बगल के घर की खिड़की पर सिंदूर लगाए एक बच्चे को बैठे देखा। इसके तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने रंजीत के घर पर हमला कर दिया। प्रारंभ में यह माना गया कि वृद्ध व्यक्ति ने सूर्य ग्रहण के दिन तंत्र अनुष्ठान करने के बाद बच्चे की बलि देने की योजना बनाई थी। स्थानीय लोगों की कार्रवाई से यह योजना विफल हो गयी। गुस्साए ग्रामीणों ने रंजीत को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रंजीत के परिवार के कुछ सदस्यों को भी हिरासत में लिया है। इसकी जांच भी शुरू हो गई है।

### कामाख्या एक्सप्रेस की घटना के बाद हेल्पलाइन नंबर किए गए जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के बाद हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिससे यात्रियों और उनके परिजनों को त्वरित जानकारी और सहायता प्रदान की जा रही है। पूर्व रेलवे के आसनसोल और मालदह डिवीजन ने आसनसोल, दुर्गापुर और मालदह टाउन स्टेशनों पर समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। हेल्पलाइन नंबर आसनसोल स्टेशन के 9641923891, दुर्गापुर स्टेशन के 9046239223, मालदह टाउन स्टेशन के 03512283444 है। यात्री और उनके परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं और उन्हें आवश्यक जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## भीषण गर्मी में बदलेगा स्कूल का समय? प्राथमिक शिक्षा परिषद ने जिलों से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता :** चैत्र महीने में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है, जिससे दिन चढ़ते ही लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। ऐसी स्थिति में सरकारी प्राथमिक स्कूलों के समय में बदलाव किया जा सकता है। इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

राज्य प्राथमिक शिक्षा परिषद ने सभी जिलों के प्राथमिक विद्यालय शिक्षा परिषद के अध्यक्षों से इस पर रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मिलने के बाद इसे स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद है कि मंगलवार तक इस पर निर्णय आ सकता है।

राज्य में अधिकतर प्राथमिक स्कूल दिन के समय शुरू होते हैं, लेकिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए




क्या इन्हें सुबह के समय शुरू किया जा सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गौतम पाल ने कहा, हमने इस संबंध में विभिन्न जिलों के डीपीएससी चेयरमैन से जानकारी मांगी है। उनकी रिपोर्ट मिलने के बाद इसे स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा, जहां जरूरी निर्णय लिया जाएगा।

# मुर्शिदाबाद में सिविक वॉलंटियर की रहस्यमयी मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले में एक सिविक वॉलंटियर की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पता चला है कि युवक रात को अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद थाने से निकला, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। रविवार की सुबह मुर्शिदाबाद के सागरपाड़ा के जयपुर इलाके में एक पुलिया के नीचे से सिविक वॉलंटियर का घायल शव बरामद किया गया। पुलिस को प्रारंभिक संदेह है कि देर रात तेज गति से बाइक चलाते समय मोटरसाइकिल दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत सिविक वॉलंटियर का नाम अब्दुर रऊफ (35) है। वह कुतुबपुर का निवासी है। बताया गया है कि शनिवार की रात वह थाने से अपनी



ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से निकला था। लेकिन वह उस रात घर वापस नहीं आया। इस दिन, सुबह में स्थानीय लोगों ने जयपुर ईटभट्टा के नीचे युवक को बाइक के साथ अचेत अवस्था में पड़ा देखा। उसका चेहरा खून से सना था। उसका एक पैर मोटरसाइकिल के शॉक एब्जॉर्बर में फंसा हुआ था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि यह दुर्घटना देर रात लापरवाही से बाईक चलाने के कारण हुई, जब बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। रात में दुर्घटना के बारे में किसी को पता नहीं चला क्योंकि यह सुनसान मैदान में हुई थी। यहां तककि उसके परिवार वालों ने भी उसे रात में फोन नहीं किया। उन्हें यह खबर रविवार की सुबह खेत में मौजूद लोगों से मिली। परिवार के सदस्यों ने जाकर शव की पहचान की। इस घटना से इलाके में भारी सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग उसे सागरपाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही सागरपाड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे।

## सीआईएसएफ के बाद अब नकली सीबीआई अधिकारी बनकर 400 ग्राम सोने की लूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पोस्ता थाने के इलाके में नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक लूट की घटना को अंजाम दिया गया। जिसके बाद से इलाके में सनसनी फैल गयी। कुछ दिन पहले आयकर अधिकारी बनकर 25 तोला सोना और 3 लाख रुपये लूटने के आरोप में 5 सीआईएसएफ कर्मचारियों सहित 8 लोग गिरफ्तार हुए थे। अब की घटना में नकली सीबीआई अधिकारी बनकर 400 ग्राम सोना को लूटा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 27 मार्च को पोस्ता थाना क्षेत्र में एक सोने के व्यापारी अपनी दुकान पर मौजूद थे। तभी तीन से चार लोग खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर दुकान में घुसे



और व्यापारी से पूछताछ करने लगे। इस दौरान 400 ग्राम सोना लेकर फरार हो गए। इस सोने की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 33 लाख रुपये है। व्यापारी को घटना संदिग्ध लगी और उन्होंने शनिवार को पोस्ता थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इसके बाद जांच शुरू कर दी है।

# हावड़ा-बालुरघाट-हावड़ा एक्सप्रेस में आईसीएफ कोच को एलएचबी में किया परिवर्तित

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे द्वारा इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) कोचों को लिंके होफमैन बुश (एलएचबी) कोचों में परिवर्तित किया जा रहा है। एलएचबी कोच यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं और इन कोचों में अतिरिक्त स्थान, उन्नत सुविधाएं और बेहतर आराम की विशेषताएं हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रेलवे ने 31 मार्च से हावड़ा-बालुरघाट-हावड़ा एक्सप्रेस के आईसीएफ रेक को एलएचबी रेक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। यह परिवर्तन हावड़ा और बालुरघाट से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों में लागू होगा। यात्री अब, परिवर्तित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा के दौरान अधिक सुरक्षा उपायों और बेहतर आराम की उम्मीद कर सकते हैं। यह उपलब्धि पूर्व रेलवे के निरंतर सुधार और अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश की प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस परिवर्तन से बर्थ क्षमता में वृद्धि होगी, जो परिचालन दक्षता को बेहतर बनाएगी और साथ ही हमारे ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी।

## नैहाटी में अंतरराष्ट्रीय व्यावहारिक अनुवाद एवं सृजन कार्यशाला सम्पन्न

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के नैहाटी नगरपालिका के ऐकता मंच में काजी नजरुल विश्वविद्यालय, आसनसोल एवं उमा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय व्यावहारिक अनुवाद एवं सृजन कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। सात दिवसीय इस कार्यशाला में हिंदी भाषा, अनुवाद और सृजनात्मक लेखन पर गहन चर्चा हुई।

उद्घाटन सत्र में बैरकपुर के सांसद पार्थ भौमिक, नैहाटी के विधायक सनत दे, जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रो. ओमप्रकाश मिश्र, काजी नजरुल विश्वविद्यालय के प्रो. विजय कुमार भगाती, पडवेश्वर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं उमा फाउंडेशन के सचिव डॉ. विकास साव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं में कलकत्ता विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजश्री शुक्ल, काजी नजरुल



विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. काजू कुमारी साव, भाटपाड़ा के सीईसी अमित गुप्ता और नैहाटी के सीईसी कन्हैया लाल आचार्य शामिल थे।

डॉ. विकास साव ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बंगाल की सांस्कृतिक विरासत और हिंदी के विकास पर प्रकाश डाला। सांसद पार्थ भौमिक ने बंगाल में हिंदी भाषा की प्रगति और राज्य सरकार की पहल पर चर्चा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. प्रतीक सिंह, प्रो. विक्रम कुमार साव, शिक्षक सुभाष साव और डॉ. कार्तिक कुमार साव का योगदान सराहनीय रहा। समापन डॉ. मंटू कुमार साव ने किया।

## कुप्रस्ताव न मानने पर गृहवधू की हत्या, देवर और जेठ पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती थाना क्षेत्र इलाके में कुप्रस्ताव नहीं मानने के कारण एक गृहवधू की हत्या कर दी गई। मृत महिला का नाम साजिदा मोल्ला है। मिली जानकारी के अनुसार, साजिदा मोल्ला की शादी करीब 22 साल पहले भरतगढ़ निवासी मामूद अली मोल्ला से हुई थी। उनके पति महमूद अली मोल्ला की शादी के कुछ साल बाद मृत्यु हो गई। इसके बाद साजिदा अपने दो बच्चों के साथ ससुराल में रहने लगी। आरोप है कि पति की मौत के बाद उसके जेठ और देवर ने महिला को गलत प्रस्ताव दिए। कथित तौर पर, जब महिला ने प्रस्ताव पर सहमत



होने से इनकार कर दिया तो शुक्रवार रात को उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुए जहर खिला दिया। महिला को गंभीर हालत में कैनिंग महकमा अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले की जांच जारी है।

### डायमंड हार्बर में क्लब की छत से महिला का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर नगरपालिका के वार्ड 8 के धनबेड़िया इलाके में स्थित एक क्लब की छत से रविवार को एक महिला का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर डायमंड हार्बर पुलिस ने शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान पूर्णिमा पाल (48) के रूप में की गई है। वह इलाके में एक टॉमबॉय के रूप में जानी जाती था। वह अविवाहित थी और अकेली रहती थी। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। जांचकर्ताओं का दावा है कि महिला शराब पी हुई थी। हालांकि, पुलिस उनकी मौत के वास्तविक कारण की जांच कर रही है।

### स्कूली बच्चों को कुत्तों के हमले से बचाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की, राज्य सरकार ने जारी की गाइडलाइन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के स्कूलों में सड़क पर घूमने वाले कुत्तों के खतरे से बचाव के लिए राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत, शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्कूल परिसर में आवारा कुत्ते न घूमें और बच्चों पर हमला न करें। गाइडलाइन के अनुसार, प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य होगा। शिक्षकों को स्कूल के आसपास घूमने वाले कुत्तों पर नजर रखनी होगी और यह देखना होगा कि वे छात्रों को नुकसान न पहुंचाएं। इसके अलावा, स्कूल प्रबंधन को ऐसे कदम उठाने होंगे, जिससे स्कूल परिसर में कुत्तों का प्रवेश रोका जा सके। सरकार का मानना है कि इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका अहम होगी और उनकी सक्रियता से बच्चों को कुत्तों के हमले से बचाया जा सकता है।

## नववर्ष के उपलक्ष्य में तारासुंदरी पार्क से शोभायात्रा का आयोजन



❑ **आगामी 9 अप्रैल को होने वाले भव्य कार्यक्रम का भी प्रचार**

❑ **विश्व नवकार मंत्र दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नववर्ष के अवसर पर रविवार को तारासुंदरी पार्क से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा के दौरान आगामी 9 अप्रैल को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार भी किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व नवकार मंत्र दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नवकार मंत्र के महत्व को जन-जन तक पहुचाना है। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए कई माननीय और प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इस मौके पर जीतो के पोजेक सयोजक चंद्रेश मेघानी (रोमी), संस्कृति संस्कार के स्वपन बर्मन, जैन मंदिर के दीपक गाथाणी, परेश दफ्तरी, मयूर शेठ, देवेन शाह, अतुल कटारिया, दिलेश पटेल, सुनील देसाई, कमलेश खारा, हेमल दफ्तरी, धर्मेश भिमानी, जयेश मेहता, रमन ठक्कर, गज्जू चंदक और घनश्याम सारदा ने कार्यक्रम के महत्व को उजागर करते हुए प्रचार किया।

## कोलकाता ने रामकिंकर बैज को कला प्रदर्शनी और पुस्तक विमोचन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता शहर ने महान मूर्तिकार और चित्रकार रामकिंकर बैज को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक भव्य कला प्रदर्शनी और पुस्तक विमोचन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नज्रुल तीर्था, न्यू टाउन में आयोजित हुआ, जहां बैज की मौलिक पेंटिंग और मूर्तियां प्रदर्शित की गई और उनके कला योगदान को सम्मानित किया गया। प्रगति के विचारों की खोज शीर्षक से आयोजित यह प्रदर्शनी 31 मार्च तक जनता के लिए खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में कुल 72 कृतियां प्रदर्शित की गईं, जिनमें 60 पेंटिंग और 12 मूर्तियां शामिल थीं। इस आयोजन ने बैज के कार्यों के प्रति सम्मान और समकालीन भारतीय कला के प्रति प्यार को पुनः जीवित किया। इस अवसर पर भारत के प्रमुख कलाकार, समीक्षक और सम्मानित हस्तियां शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथियों में लालू प्रसाद शा,




भारत भर के प्रमुख कलाकारों की उपस्थिति में 'द अनसीन लाइफ ऑफ रामकिंकर बैज' पुस्तक का विमोचन, लेखक-चंद्रनाथ दास, सह-लेखक-चंद्रिमा दास, प्रकाशक-विजय प्रभात शुक्ला, डॉ. संजीव किशोर गौतम, रितिका चांदा पारक एमबीई, प्रयाग शुक्ला सहित अन्य विशिष्ट व्यक्ति की उपस्थिति में किया गया।

निरंजन प्रसाद, सुक्तिसुभ्रा प्रधान, डॉ. संजीव किशोर गौतम, चंद्रनाथ दास, कमलदीप धर, विमल चंद, अमित कल्ला, राधेश्याम, पार्थ शॉ, शशिकला सिंह और जापानी श्याम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजीव किशोर गौतम, निदेशक जनरल-नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, भारत सरकार, ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में रामकिंकर बैज की मौलिक कृतियों का एक विस्तृत संग्रह प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में बैज के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की कृतियां भी प्रदर्शित की गईं, जिनमें स्व. एम. एफ. हुसैन, अब्दुर रहमान चौघताई, प्रदोष दासगुप्ता, के. जी. सुब्रहमण्यम, तय्यब मेहता, जंगरह सिंह श्याम, लालू प्रसाद शॉ और निरंजन प्रसाद शामिल थे।

## रामपुरहाट स्टेशन पर एक महिला ने स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रामपुरहाट स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने एक गर्भवती महिला की मदद करते हुए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया, जो 'ऑपरेशन मातृशक्ति' पहल का हिस्सा था। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को स्टेशन पर प्लेटफार्म 1 और 2 के बीच फुट ओवर ब्रिज पर एक महिला के प्रसव पीड़ा में होने की सूचना मिली। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय महिला यात्रियों की मदद से क्षेत्र को सुरक्षित किया। जिसके कुछ देर बाद ही महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, रेलवे टीम ने मां और नवजात को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की और उन्हें रामपुरहाट के सदर अस्पताल में सुरक्षित रूप से पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया गया।



महिला की पहचान होपोन माई मरांडी (32) के रूप में हुई, जो वर्दवान के सैंथिया की निवासी हैं। यह घटना एक बार फिर पूर्व रेलवे की यात्रियों की सुरक्षा और भलाई के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# स्वच्छता बनाए रखने वालों को गुलाब से सम्मानित किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के उपनगरों में, खासकर कोलकाता शहर में स्थित स्टेशनों पर हमेशा भारी यात्री आवागमन होता है, जिससे स्वच्छता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। स्टेशन प्लेटफार्मों और ट्रैक पर विक्रेताओं द्वारा छोड़ा गया कचरा अक्सर देखा जाता है, जिससे न केवल स्टेशन का माहौल बिगड़ता है, बल्कि ट्रैक की स्थिति भी प्रभावित होती है। पूर्व रेलवे अपने सफाई कर्मियों के माध्यम से इस समस्या को सुलझाने का प्रयास कर रहा है, जो प्लेटफार्मों और ट्रैकों पर सक्रिय रहते हैं।

पूर्व रेलवे ने हाल ही में उच्च यात्री आवागमन वाले स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत,



विक्रेताओं, यात्रियों और ठेले वालों से रेलवे परिसर में डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की जा रही है। इसके अलावा, जिन्हें स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिली है, उन्हें गुलाब देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को दमदम जंक्शन पर भी इस अभियान का आयोजन किया गया, जहां यात्रियों और विक्रेताओं से एक-एक करके स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। गुलाब से सम्मानित करने की इस अनोखी पहल से पूर्व रेलवे उम्मीद करता है कि यात्री और विक्रेता स्वच्छ स्टेशन-स्वच्छ रेलवे के संदेश को अपनाएंगे।

## अलीपुरद्वार में बिजली चोरी पर कड़ी कार्रवाई, एक करोड़ से अधिक का लगाया जुर्माना

**अलीपुरद्वार, समाज्ञा**

राज्य बिजली विभाग बिजली चोरी की बढ़ती घटनाओं से परेशान था, लेकिन अब उसने इस पर सख्त रुख अपनाया है। बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है, जिससे उसे इस वित्तीय वर्ष में 82 लाख रुपये की आय हुई है।

सूत्रों के अनुसार, अलीपुरद्वार जिले के 6 ब्लॉक और 2 नगरपालिकाओं में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिलेभर में बिजली चोरी से जुड़ी कुल 90 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद बिजली विभाग की सिक्योरिटी एंड लॉस प्रिवेंशन विंग ने जिन उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का आरोप था, उन पर 1 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया। इसमें से 82 लाख रुपये पहले ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में वसूल किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि को बिजली विभाग एक बड़ी सफलता मान रहा है।

डब्ल्यूबीएसईडीसीएल (पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड) के डिविजनल मैनेजर अंशुमान सरकार ने कहा, बिजली चोरी रोकने के लिए जिलेभर में लगातार अभियान चल रहा है। अब तक 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा चुका है, जिसमें से 82 लाख रुपये वसूले जा चुके हैं। हम बिजली चोरी को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं।

## श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में वातानुकूलित वार्ड मानव सेवा को समर्पित

❑ **आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स के सहयोग, योगदान की सभी ने सराहना की**

**कोलकाता :** श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल ने समाजसेवी रतनलाल अग्रवाल, रेवती रमण अग्रवाल (आर आर अग्रवाल ज्वेलर्स) एवम परिवार के सदस्यों के सहयोग से वातानुकूलित वार्ड को मानव सेवा को समर्पित किया। हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारी लाल सोती ने कहा परोपकार, सेवा कार्य हमारे पूर्वजों की सांस्कृतिक विरासत, परम्परा है। प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ने क्रिटिकल हेल्थ केयर को ध्यान में रखते हुए डिजिटल एवम अत्याधुनिक सुविधाओं सहित स्मार्ट आई सी यू विभाग, सिटी स्कैन, डायलीसिस, आर्थोपेडिक, डायबिटिक, अत्याधुनिक डेंटल, ऑपरेशन थियेटर, ई एन टी, नेत्र चिकित्सा एवम सभी विभागों की निरन्तर प्रगति के लिये भामाशाह दानदाताओं, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



समाजसेवी रतनलाल अग्रवाल, रेवती रमण अग्रवाल ने हॉस्पिटल में सेवाओं की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समारोह में डॉक्टर जी एस पिपारा, डॉ. निर्मला पिपारा का सम्मान, अभिनन्दन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार संजय हरलालका एवम सभी अतिथि वक्ताओं ने आर आर अग्रवाल परिवार की सामाजिक कर्तव्य निष्ठा की सराहना की एवम् युवा वर्ग को सामाजिक सेवा कार्यों के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। श्याम सुन्दर अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, गिरधारीलाल मस्करा, हेमचन्द अग्रवाल, विष्णु शर्मा, दीपक बंका, अनिल चौधरी, मनोज पराशर, पवन फतेहपुरिया, संदीप अग्रवाल, आनन्द जैन, राजकुमार व्यास, विष्णु मस्करा एवम कार्यकर्ता सक्रिय रहे। धन्यवाद ज्ञापन हेमचन्द अग्रवाल, संचालन दीपक बंका ने किया।

# बेलगछिया में कचरे के निपटान को लेकर प्रशासन हुआ सक्रिय

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के बेलगछिया क्षेत्र में कचरे के निपटान को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। नगर निगम के कर्मचारी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए तत्परता से काम कर रहे हैं। हावड़ा नगर निगम के चेयरमैन डॉ. रथिन चक्रवर्ती ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि, जैसे पानी की समस्या को शीघ्र सुलझाया गया था, वैसे ही कचरे



की गंभीर समस्या को भी जल्द हल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत कचरे का निपटान कर दिया गया है और मंगलवार सुबह तक बाकी 20 प्रतिशत काम भी पूरा हो जाएगा।

इसके अलावा, चेयरमैन ने आगामी दिनों में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित करने की योजना की बात भी साझा की। इस दिन सूडा के डायरेक्टर भी मौके पर पहुंचे और कचरे के विभिन्न वैटों का संयुक्त निरीक्षण किया। जीटी रोड, संध्या बाजार, काजीपाड़ा मोड़ से लेकर पिलखाना तक सभी वैटों का निरीक्षण किया गया, और इन सभी को लगभग साफ कर दिया गया है। चटर्जीहाट बाजार का वैट भी जल्द ही साफ कर दिया जाएगा। टिकियापाड़ा में स्थित बड़े वैट में भी कार्य जारी है। सूडा की ओर से मिले 20 डंपर सहित कुल 70 डंपर इस कार्य में लगे हुए हैं, और यह कार्य सोमवार रात तक पूरा होने की उम्मीद है।

# उत्तरपाड़ा में रसोई घर का ग्रील काटकर चोरी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के उत्तरपाड़ा कोतरंग नगरपालिका के वार्ड एक के दासपाड़ा लेन के एक तीन मंजिला मकान में दुहसाहसिक चोरी की वारदात हुई। शनिवार की शाम 6 बजे से 7.30 बजे के बीच एनके मित्रा के मकान में चोरी की वारदात हुई। परिवार के एक बीमार सदस्य के स्वास्थ्य की कामना करने आवश्यक तिथि पर मां शकुंतला मंदिर में पूजा पाठ करने गए थे। घर लौट कर देखा घर के दरवाजे पर दोनों ताला लटका हुआ है लेकिन भीतर से खुल नहीं रहा है। पिछवाड़े जाकर देखा तो रसोई घर का खिड़की का ग्रिल कटा हुआ है। खिड़की खुला हुआ है। यह दृश्य देखकर समझते देर नहीं लगी कि घर में चोरी हुई है। तत्काल उत्तरपाड़ा थाना



को सूचित किया गया। पुलिस आकर दरवाजा खोलने में मदद की। भीतर जाकर देखा गया। नीचे तले से लेकर ऊपर तले तक सभी सामान बिखरे हुए हैं। अलमारी खुला हुआ है। यहां तक की खाट का दीवान खुला है। नगद पंद्रह हजार और सोने चांदी के गहने गायब है। थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## रिषड़ा में हेस्टिंग्स जुट मिल में लगी आग

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के रिषड़ा में स्थित हेस्टिंग्स जुट मिल के बॉयलर विभाग में शनिवार की रात तकरीबन 11.20 बजे आग लग गई। जहां आग लगी उसके पास ही केरोसिन तेल के डब्बे पड़े हुए थे, जो देखते ही देखते आग की चपेट में आ गए और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की खबर पाकर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटे भर की मशक्कत के बाद रविवार के तड़के तकरीबन 4 बजे आग को काबू कर लिया गया। खबर लिखे जाने तक इस अग्निकांड में हुए नुकसान का सटीक आंकलन नहीं किया जा सका था। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि घटना के बाद श्रमिकों में आतंक है।

## पूजा का प्रसाद खाकर कांथी में कई बीमार, 55 अस्पताल में भर्ती

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के कांथी इलाके में एक गांव में 70 से ज्यादा लोग अचानक बीमार पड़ गए। इनमें से 55 लोगों को कांथी महकुमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कई अन्य का इलाज विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जारी है। प्रारंभिक जांच में खाद्य विषाक्तता (फूड पॉयजनिंग) को इसकी वजह माना जा रहा है। हालांकि, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार रात कांति देशप्राण ब्लॉक के बामुनिया ग्राम पंचायत के एक घर में सत्यनारायण पूजा का आयोजन किया गया था। पूजा के बाद वहां मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शुक्रवार सुबह से ही गांव के 70 से अधिक लोग



अचानक बीमार पड़ गए। सभी में तेज बुखार, उल्टी, पेट दर्द, मरोड़ और दस्त जैसे लक्षण देखे गए। तुरंत बीमार लोगों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन जब उनकी हालत बिगड़ने लगी, तो 55 मरीजों को कांति महकुमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और डॉक्टरों की एक टीम मरीजों के इलाज में जुटी हुई है।

# विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जीतो का डोरा

**❑ 9 अप्रैल को ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन**

**कोलकाता :** जीतो द्वारा 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक विश्व नवकार मंत्र दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले में एक डोरा (बैठक) का आयोजन किया गया। यह डोरा चौरंगी जैन मंदिर, पद्मपकुर जैन मंदिर, बंगबाशी जैन मंदिर, विवेक विहार और हिंदुस्तान क्लब में आयोजित किया गया।

मंदिरों में आयोजित इस बैठक में जीतो के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए। इस बैठक में धर्मेंद्र जैन (अध्यक्ष जीतो), दिनेश गंगवाल (संयोजक), निर्मल बिंदयाका (उपाध्यक्ष जीतो), विनोद काला, धन कुमारजी पाटनी, अनिल सरावगी, भागचंद पहाड़िया, संतोष सेठी, संजय काला, इस्पात, कमल काला, अशोक पहाड़िया, सुरेंद्र गंगवाल, राजेश पाटनी, मंजू सेठी, निर्मला पाटनी, नीटू पाटनी, सुनीता बडज़ात्या, मीनू पाटनी, रोहित छाबड़ा, धर्मेंद्र छाबड़ा, अनिल पाटनी, अजय बाकलीवाल, राकेश छाबड़ा, राजेंद्र गंगवाल, प्रदीप जैन, सुरेंद्र जैन, संजय कासलीवाल, अनिता गंगवाल, नारायण जैन, मंजू पंड्या,



भागचंद पहाड़िया, प्रदीप पटवारी, अशोक जैन और कंसल्टेंट असीम घोष (बाबई) ने भाग लिया। यह जानकारी जीतो के संयोजक दिनेश जैन (गंगवाल) ने दी।

## नए पम्बन ब्रिज के उद्घाटन से पहले सफल परीक्षण/पूर्वाभ्यास



**रामेश्वरम/कोलकाता :** पम्बन ब्रिज और रामेश्वरम में रेलवे, कोस्ट गार्ड, राज्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने 29 मार्च को नए पम्बन ब्रिज के उद्घाटन का पूर्वाभ्यास किया। पुराने पम्बन ब्रिज को शेरज़र स्पैन के साथ भी खोलना पड़ा था ताकि कोस्ट गार्ड का जहाज पास हो सके। इस पूर्वाभ्यास में पुराने और नए पम्बन ब्रिज को खोलने का काम किया गया ताकि समय-समय पर समन्वय स्थापित हो सके। इसके बाद, कोस्ट गार्ड के जहाज को नए ब्रिज के खोले गए लिफ्ट स्पैन के नीचे से पार करने दिया गया, और फिर नए ब्रिज के लिफ्ट स्पैन को नीचे लाकर समय को मापा गया। लिफ्ट स्पैन के नीचे होते ही, पम्बन से मंडपम और मंडपम से पम्बन तक एक ट्रेन का संचालन किया गया ताकि समय की जांच की जा सके। अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला कि परीक्षण सफल रहे।



ईद व रामनवमी के मद्देनजर विधाननगर पुलिस की ओर से प्रत्येक थाना क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों पर तलाशी अभियान

## सहकारिता समिति का होली मिलन समारोह-2025



**कोलकाता, समाज्ञा :** सहकारिता समिति द्वारा 1995 से कोलकाता के केएमसी कार पार्किंग डिपार्टमेंट में स्वनिर्भर को-ऑपरेटिव सोसाइटी के सभी सदस्य और मित्रों के साथ इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कोलकाता के 29, स्ट्रैंड रोड में हुए इस समारोह में सभी उपस्थित सदस्य और मित्रों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद, सबने आपस में रंग और गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। समारोह में ठंडाई और मिष्ठान का भी प्रबंध किया गया, जिससे सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

# अंजनी पुत्र सेना ने हिंदू नववर्ष पर हावड़ा में भगवा ध्वजारोहण किया

**हावड़ा :** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत् 2082 के चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर अंजनी पुत्र सेना द्वारा हावड़ा के बंगवासी मोड़ स्थित ऋषि अरविंद मूर्ति स्थल पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और सनातन धर्म की गगनभेदी जयकार के बीच परम पवित्र भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष, दोनों उपाध्यक्ष, सचिव तथा मध्य हावड़ा संगठन प्रभारी सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मां भारती की पूजा अर्चना की, महाआरती की और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



इसके साथ ही तिलक लगा कर मिठाईयों का आदान-प्रदान किया गया। इसके अलावा, संस्था ने आसपास के क्षेत्रों में प्रचार गाड़ी के माध्यम से हिंदू नववर्ष पर सनातनी एकजुटता का संदेश दिया और जात-पात तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। संस्था द्वारा प्रतीक चिन्ह युक्त भगवाध्वज भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित जनसाधारण ने भी प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

# भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति ने विराट शोभायात्रा एवं गंगा महाआरती से किया नववर्ष का स्वागत





**❑ ब्रह्मा द्वारा रचित सृष्टि की कालगणना का साक्ष्य है नव सम्वत्सर : आचार्य राकेश कुमार पाण्डेय**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति के तत्वावधान में भारतीय वैदिक नवसंवत्सर सृष्टि संवत् 1955885126 विक्रम संवत् 2082 के स्वागत में संवत्सर की पूर्व संध्या पर एक विराट एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ नृत्य गीत करते हुए हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू सम्मिलित हुए। विभिन्न प्रकार की झांकियों से सजी हुई शोभायात्रा सनातन धर्म और वैदिक कालगणना की प्राचीनतमता को प्रस्तुत कर रही थी। सुन्दर-सुन्दर झांकियां, जिनमें प्रमुख रूप से राम दरबार, दुर्गा माता, गवरजा माता और श्याम बाबा के रूप में आकर्षण का केंद्र बनी थी। विवेक वाहिनी, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, भारत माता का रथ, राजस्थानी, मराठी व बंगाली नृत्य वाहिनी लोगों का मनमोह रहे थे। शोभायात्रा में कलाकार अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दे रहे थे। शोभायात्रा का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे सुदूर रहने वाले सनातनी भाई बहन भी लाभान्वित हुए। शोभायात्रा पाथुरिया घाट स्ट्रीट, कोलकाता बिनानी धर्मशाला के पास से प्रारम्भ होकर मालापाड़ा, कलाकार स्ट्रीट, महात्मा गांधी रोड, रवींद्र सरणी, कंपनी बगान तथा नीमतल्ला घाट स्ट्रीट होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के पास पहुंची जहां भूतनाथ घाट पर निर्मल गंगा चेतना मंच के द्वारा मां गंगा की भव्य आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस शोभायात्रा में महानगर की अनेक संस्थाओं निर्मल गंगा चेतना मंच, संस्कृति प्रचार समिति, श्याम मंदिर आलम बाजार, विश्व हिंदू परिषद, गायत्री परिवार, श्याम प्रेम मंडल, काठगोला स्वर्णिम फाउंडेशन तथा श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति आदि ने झांकियों के साथ भाग लिया। भूतनाथ घाट पर आयोजित समापन समारोह का उद्घाटन विशिष्ट समाजसेवी सत्यनारायण देवरालिया ने किया। बसंत सेठिया ने समारोह की अध्यक्षता की। हिमांशु सोनी ने एकल गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया।

मुक्ताहार एवं स्मृति चिह्न देकर मंचासीन अतिथियों का स्वागत अभिनंदन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिया। समिति के मंत्री शैलेश बागड़ी ने संस्था का परिचय प्रस्तुत किया। प्रधान वक्ता प्रमोद गुप्ता ने प्राचीनतम काल गणना एवं ज्योतिष की वैज्ञानिकता का वर्णन किया। विशिष्ट अतिथिगण मुकुंद दास राठी, पार्षद विजय उपाध्याय, युवा शक्ति के प्रधान सम्पादक सुधांशु शेखर, विमल कुमार बिड़ला, महावीर बजाज, तिनकोड़ी दत्ता, किशन किल्ला आदि गणमान्य मंचासीन थे। कार्यक्रम का संयोजन सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष मुरारका ने किया। समिति के मार्गदर्शक लक्ष्मीकान्त तिवारी, विश्वनाथ सेक्सरिया, रमेश सरावगी एवं जयंत पाल की शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। स्वागत समिति में देवकी नंदन तोदी, राजेश सारडा, नीरज सांगानेरिया, पार्षद विजय ओझा, अजय जालान, विभास मजूमदार, शशि प्रकाश नारसरिया, ब्रह्मानंद बंग, अशोक अग्रवाल, सुनील खेतान, चंद्रमोहन अग्रवाल, अशोक डागा, अमित भालोटिया, मीनू पिलानीवाला, प्रकाश किल्ला, पूर्णिमा कोठारी, पार्षद मीना देवी पुरोहित, सुशील धेलिया, विकास धनानियां, आनंद मूंधड़ा, अमित चौधरी, वीरेंद्र मोदी, शंभू मोदी, संदीप चौधरी, नीतीश अग्रवाल, हिमांशु रस्तोगी, तेज बहादुर सिंह, राजेश अग्रवाल (लाला), विजय हरभजनका, संजय रस्तोगी, राजेश गुप्ता, सुशील मूंधड़ा, राम तापड़िया, अजीत वर्मा एवं देवेंद्र बंसल थे।

समारोह को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष संजय मंडल, राजकुमार भाला, महेश केडिया, अजय धोना, बृजेश झा, मंत्री शैलेश बागड़ी, उप मंत्री राजू लाठ, आर्य नितिन, कोषाध्यक्ष कमल शाह, संपर्क बृजेश बागड़ी, आनंद नारसरिया, जतिन सेवक, प्रचार विभाग अपूर्वा पाण्डेय, यश बिनानी, प्रीति सेठिया के साथ अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही, कार्यक्रम के व्यवस्था में कुसुम मोदी, प्रमोद बागड़ी, शिव सोनकर, पवन गुप्ता, कौशिक घोष, हिमांशु सोनी, सुरेश साव, दिनेश केडिया, सत्यप्रकाश राय, विनय त्रिपाठी, जसबीर सिंह नल्ला, विजय पाण्डेय, अमित तिवारी, रोहित शर्मा, राकेश रावत ने अमूल्य योगदान दिया। जय प्रकाश सिंह, संजय गुप्ता, पूर्णिमा चक्रवर्ती, सुरेश साव, सन्तोष साव, श्रीपाल जैन एवं भोला प्रसाद सोनकर, प्रकाश तवानी, पूनम गौड़, शशि गौड़ आदि गणमान्य उपस्थित थे। समापन समारोह कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन समिति उपाध्यक्ष महेश केडिया ने तथा कुशल संचालन समिति के उपाध्यक्ष संजय मंडल ने किया।

# पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की रखी आधारशिला

**छत्तीसगढ़/कोलकाता :** पीएम मोदी ने बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनकी कुल लागत 2,695 करोड़ है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्ठा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।




**■ 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई**

❑ खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) - 6 किमी (लागत : 80 करोड़)

❑ सरगबुंदिया-मड़वारानी (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत : 168 करोड़)

❑ दाधापारा-बिल्हा-दगोरी (चौथी लाइन) - 16 किमी (लागत : 256 करोड़)

❑ निपनिया-भाटापारा-हथबंद (चौथी लाइन) - 23 किमी (लागत : 347 करोड़)

❑ भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत : 233 करोड़)

❑ राजनांदगांव-डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) - 31 किमी (लागत : 328 करोड़)

❑ करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) - 8 किमी (लागत : 95 करोड़)

**■ राष्ट्र को समर्पित की गई ये रेलवे परियोजनाएं**

❑ राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) - 48 किमी (लागत : 747 करोड़)

❑ नई रेल लाइन - मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर - 26 किमी (लागत : 353 करोड़)

❑ दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) - 37 रेल किमी (लागत : 88 करोड़)

❑ छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण

**■ परियोजनाओं के प्रमुख लाभ**

**❑ नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी :** अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

**❑ यात्रियों के लिए तेज और सुविधाजनक यात्रा :** नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज़ और सुगम होगी। रेल यातायात में सुधार: तीसरी, चौथी और पांचवीं लाइन की परियोजनाएं ट्रेन संचालन क्षमता को बढ़ाएंगी, जिससे ट्रेनों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

**❑ माल परिवहन को बढ़ावा :** औद्योगिक रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज़ और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**■ नए राजधानी क्षेत्र के लिए बेहतर कनेक्टिविटी**

अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।ये परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएंगी, माल और यात्री परिवहन की गति बढ़ाएंगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## कोलकाता में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति का शव बरामद

**कोलकाता :** शहर के गरियाहाट इलाके में रविवार दोपहर एक व्यक्ति का शव उसके आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान 52 वर्षीय शुभब्रत सान्याल के रूप में हुई है, जो 4/32, फर्न रोड स्थित चार मंजिला इमारत के पहले तल पर रहते थे। सूत्रों के अनुसार, जब आसपास के लोगों ने उनके कमरे से दुर्गंध महसूस की, तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर उनका शव बुरी तरह से सड़ा-गला पड़ा मिला। शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए एसएसकेएम अस्पताल भेज दिया गया। प्राथमिक जांच में पुलिस इसे एक अप्राकृतिक मौत मान रही है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की पूरी जानकारी हासिल की जा सके।

## अतिरिक्त यात्री भीड़ को समायोजित करने के लिए पू. सी. रेलवे चलाएगी समर स्पेशल ट्रेनें

**मालीगांव :** वर्ष 2025 में आगामी गर्मियों के दौरान यात्रियों की अनुमानित भारी भीड़ से निपटने के लिए, दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेनें 10 अप्रैल से 4 मई, 2025 तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और नारंगी स्टेशनों के बीच तथा 6 अप्रैल से 29 अप्रैल, 2025 तक कोल्हापुर और कटिहार के बीच प्रत्येक दिशा में 04-04 फेरों के लिए चलेंगी। इन ट्रेनों के यात्रा मार्ग, ठहराव और समय-सारणी का विवरण आईआरसीटीसी की वेबसाइट और पू. सी. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी ट्रेन यात्रा शुरू करने से पहले विवरण की जाँच कर लें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश : एंबुलेंस-ट्रेलर की टक्कर में दो लोगों की मौत, सात अन्य लोग घायल

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में रविवार को एक ट्रेलर और एंबुलेंस की टक्कर में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मऊ जिले के मधुबन के रहने वाले सत्येंद्र प्रसाद अपने परिवार के साथ लखनऊ से अपने 75 वर्षीय पिता जगलाल प्रसाद का शव लेकर घर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब छह बजे एंबुलेंस गायघाट गांव पहुंची ही थी कि तभी बड़हलगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और इस दुर्घटना में लाल बहादुर (40) और तारा देवी (55) की मौत हो गई।

### राजस्थान : अनियंत्रित एसयूवी के पलटने से दंपति और उनके बेटे की मौत, सात अन्य घायल

**जयपुर :** राजस्थान के ब्यावर जिले में रविवार को एक एसयूवी के पलट जाने से उसमें सवार एक दंपति और उनके बेटे की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के समय स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार सभी लोग मंदिर जा रहे थे। किसी जानवर को बचाने के चलते तेज गति के कारण वाहन कई बार पलट गया जिससे उसमें सवार पुखराज कुमावत (42), उनकी पत्नी पूजा (38) और उनके छह वर्षीय बेटे यशमित की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में दो महिलाओं और तीन बच्चों सहित सात अन्य लोग घायल हो गए।

### संभल की शाही ईदगाह में ईद की नमाज के लिये तैयारियां पूरी

**संभल (उप्र) :** संभल की शाही ईदगाह में सोमवार सुबह नौ बजे ईद-उल-फित्र की नमाज अदा की जाएगी। उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने शाही ईदगाह का दौरा करके तैयारियों का जायजा लिया। शाही ईदगाह के इमाम हजरत गाजी अशरफ हमीदी ने रविवार को बताया कि शाही ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज सुबह नौ बजे अदा की जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संभल की उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने बताया कि कल ईद के मद्देनजर उन्होंने ईदगाह का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नमाज के लिए साफ-सफाई और बाकी व्यवस्था को देखने के लिए आज वह अपनी टीम के साथ आई थीं। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मणिभूषण तिवारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद ईद के त्योहार को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है और सभी मस्जिदों में भी सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर लाये गये हैं।

### घर में घुसकर मां-बेटी की हत्या कर दी गयी

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के चौरी -चौरा क्षेत्र में कथित रूप से घर में घुसकर हमलावरों ने एक महिला और उसकी 10 वर्षीय बेटी की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात शिवपुर चकदहा गांव में यह घटना हुई और मृतकों की पहचान पूनम निषाद (40) और उसकी बेटी अनुष्का (10) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार पूनम की बड़ी बेटी खुशबू (18) अलग कमरे में सो रही थी इसलिये वह बच गयी। बाद में उसी ने ही पुलिस को सूचित किया कि उसने हमलावरों की आवाज पहचान ली है जिसमें से एक की पहचान स्थानीय युवक संजय, उसके पिता और अन्य लोगों के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक कथित तौर पर संजय के पिता ने हमलावरों से खुशबू को भी मारने को कहा था लेकिन उसकी सूचना पर पुलिस तबतक मौके पर पहुंच गयी जिससे हमलावर वहां से भाग गये। सूत्रों का कहना है कि हमलावरों के जाने के बाद खुशबू बाहर निकली और उसने अपनी मां और बहन को खून से लथपथ पाया। पूनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुष्का ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा, 'फोरेंसिक दलों ने महत्वपूर्ण सुबूत जुटाए हैं और कई संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हम घटना की कड़ियों को जोड़ने के लिए कॉल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। मामले की जांच जारी है।'

# लालू जी ने गायों का चारा भी खा लिया, वह लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते : अमित शाह



**गोपालगंज (बिहार) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि 'जो लोग गायों का चारा खाते हैं', वे बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। शाह ने गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। शाह ने इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, 'वर्ष 2025 में ही चुनाव होने वाला है। बिहार को एक बार तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के 'जंगल राज' की ओर जाना है या मोदी जी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है। जब से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार में बनी है, यहां विकास की शुरुआत हुई और जब भी मोदी दी भाजपा के लिए वोट मांगने आए बिहार की जनता ने मोदी जी की झोली कमल के फूल से भरने का काम किया है। और मोदी जी ने भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दस साल के भीतर कई सारे विकास के काम जो 65 साल तक कांग्रेस पार्टी नहीं कर पाई, वह मोदी जी ने इस 10 साल के अंदर करने का काम किया है।' उन्होंने कहा, 'लालू यादव से यह पूछना है कि 15 साल तक लालू-राबड़ी की सरकार रही, दस साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में लालू मंत्री थे, आपने बिहार के लिए क्या किया। दस साल के अंदर जो आप 2004-05 में 23,000 करोड़ रुपये का बजट छोड़कर गए थे, उसे राजग की सरकार ने 13 गुना बढ़ाकर तीन लाख 23 हजार करोड़ रुपये किया। प्रति व्यक्ति आय जो 8,000 रुपये थी वह 66,000 रुपये करने का काम किया और गरीबी रेखा के नीचे जो आबादी 56 प्रतिशत थी उसको कम कर 30 प्रतिशत करने का काम किया।' शाह ने कहा, ''और लालू जी आप जब केंद्र में मंत्री थे, 10 साल मिले बिहार को क्या दिया जरा हिसाब-किताब लेकर आओ। आपने केवल 2,80,000 करोड़ रूपये बिहार की जनता को दिया था और बिहार की जनता ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। दस साल राजद-कांग्रेस के और 10 साल भारतीय जनता पार्टी और राजग के शासनकाल की तुलना कीजिए। हमने 2,80,000 करोड़ रुपये के सामने नौ लाख 23 हजार करोड़ रूपये बिहार की जनता को देने का काम किया है।' उन्होंने कहा,'आज गोपालगंज की धरती पर मैं यह कहकर जा रहा हूं कि एक बार और पांच साल राजग की सरकार बनाइए, हम बिहार को हमेशा के लिए बाढ़ से मुक्त करने का काम करेंगे। बिहार में बाढ़ की समस्या भूतकाल की बात बन जाएगी।' शाह ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा सीतामढ़ी में माता सीता का मंदिर बनाए जाने की चर्चा किए जाने की ओर इशारा करते हुए कहा, 'हम राह देखते थे कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बने। ये लालू और कंपनी ने बहुत अड़ंगे लगाए। साढ़े पांच सौ साल के बाद मोदी जी ने रामलला को भव्य मंदिर में बिठाने का काम किया और अब बारी माता सीता की है। बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर पूरी दुनिया को आकर्षित करेगा और मातृ शक्ति का संदेश बिहार की भूमि से पूरे देश में जाएगा। अयोध्या-जनकपुर रामायण सर्किट बिहार के अंदर पर्यटन को बढ़ावा देगी।''

### भाजपा से 'फिर कभी' नाता नहीं तोड़ेंगे : नीतीश कुमार

**पटना : बिहार** विधानसभा चुनाव में अब जबकि कुछ ही महीने बचे हैं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आश्वासन दिया कि वह 'फिर कभी' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का साथ नहीं छोड़ेंगे, जबकि वह 'दो बार गलती से' ऐसा कर चुके हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष ने यह बात पटना में आयोजित एक समारोह के दौरान कही। इस कार्यक्रम में शाह और उन्होंने केंद्र और राज्य की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने शनिवार देर रात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 'बिहार में हमारी जीत का असर दूर-दूर तक होगा।' शाह ने हाल में एक समाचार चैनल से बातचीत में यह कहने से परहेज किया था कि नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। हालांकि, पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शाह कुमार के साथ गर्मजोशी से मिले। नीतीश कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा, 'इससे पहले सत्ता में रहने वाले (राजद-कांग्रेस गठबंधन) क्या करते थे। वे मुसलमानों के वोट लेते थे, लेकिन समुदायों के बीच झगड़े को कभी रोक नहीं पाए।' उन्होंने राज्य में जदयू-भाजपा गठबंधन के सत्ता में आने को याद करते हुए कहा, 'बिहार में नाम मात्र भी स्वास्थ्य सेवा नहीं थी। अच्छी शैक्षणिक सुविधाएं नहीं थीं। हम नवंबर, 2005 में सत्ता में आए और चीजें सुधरने लगीं।'

## अनुज कनौजिया दो दशक से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था : उप्र पुलिस

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और झारखंड पुलिस के साथ मुठभेड़ में जमशेदपुर में मारा गया गैंगस्टर और शूटर अनुज कनौजिया दो दशक से अधिक समय से पूर्वी उत्तर प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ढाई लाख रुपये का इनामी बदमाश कनौजिया शनिवार रात मुठभेड़ में मारा गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था एवं विशेष कार्यबल) अमिताभ यश ने बताया कि जमशेदपुर में उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में मुख्तार अंसारी गिरोह का 'शार्पशूटर' अनुज कनौजिया मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों के विभिन्न थानों में कनौजिया के खिलाफ 23 मामले दर्ज थे। मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव निवासी 42 वर्षीय कनौजिया ने 2003 में इसी जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र में पहली हत्या की थी। इसके बाद अगले कुछ साल में वह हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन वसूली समेत कई आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात हो गया। मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों में उसके खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम, हत्या और हत्या के प्रयास समेत कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज किए गए। यश ने बताया कि जमशेदपुर में मुठभेड़ के दौरान कनौजिया के पास से पुलिस ने नौ एमएम और .32 बोर की दो पिस्तौल भी बरामद कीं। नौ मिमी पिस्तौल का उपयोग आमतौर पर पुलिस और सैन्य बलों द्वारा किया जाता है। एसटीएफ ने बताया कि जिस मुख्तार अंसारी के संरक्षण में कनौजिया ने अपराध किए, उसी अंसारी की पहली बरसी पर वह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित एक अस्पताल में कथित तौर पर हृदयाघात से मौत हो गयी थी। उस समय अंसारी बांदा जिला कारागार में निरुद्ध था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कनौजिया ने शुरू में अपने गांव में व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण अपराध की दुनिया में कदम रखा। अंसारी ने उसे संरक्षण प्रदान किया और वह जल्द ही गिरोह का एक खूंखार 'शार्पशूटर' बन गया। पुलिस ने बताया कि अनुज मऊ और आसपास के जिलों में व्यापारियों से रंगदारी वसूलता था।

## नवरात्र पर मंदिरों में भारी भीड़

### ईद के त्योहार से बाजारों में रौनक



**संभल/ वाराणसी/ अयोध्या/ मथुरा/ मिर्जापुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के संभल, वाराणसी, अयोध्या, बागपत और अमेठी समेत विभिन्न जिलों में रविवार को नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी, जबकि ईद से पहले बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। पुलिस ने राज्य में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पिछले साल नवंबर में संभल की जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों के मारे जाने के बाद वहां की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए कड़े इंतजाम किये गये हैं। संभल में मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। प्राचीन चामुंडा देवी मंदिर और चंदौसी में रामबाग धाम स्थिति दुर्गा मंदिर में लोग पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे। वार्ड-18 से नगरपालिका सदस्य चंचल सनी गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'संभल में भक्तों में भारी उत्साह है। सभी मंदिरों की साफ-सफाई की गयी है और पुलिस ने आगंतुकों के लिए उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था की है।' चामुंडा मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु बाल मुकुंद गुप्ता ने बताया, 'भीड़ अधिक होने के कारण मुझे दर्शन करने में एक घंटा लग गया।' ईद का त्योहार नजदीक आने के साथ ही बाजारों में भी भारी भीड़ देखी गई। कपड़ों और जूतों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे कारोबार में तेजी आई। संभल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एहतेशाम अहमद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'ईद के कारण बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। अच्छा खासा कारोबार हो रहा है और बिक्री भी अच्छी हो रही है।' कपड़ा व्यापारी असलम ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। उन्होंने कहा, 'इस ईद पर कारोबार बहुत अच्छा रहा। त्योहारी माहौल भी खुशनुमा रहा।' नवरात्र की शुरुआत और रमजान के अंतिम दिनों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाजारों और मंदिरों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। वाराणसी में भी सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना करने और देवी दुर्गा का आशीर्वाद लेने के लिए कतारों में खड़े हो गए। शैलपुत्री मंदिर, दुर्गा कुंड मंदिर और विशालाक्षी देवी मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों को खूबसूरती से सजाया गया। भोर से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए कतारों में खड़े हो गए। दुर्गा कुंड स्थित दुर्गा माता मंदिर के पुजारी सोनू झा ने बताया कि तड़के ही मंदिर के पट खुल गए और श्रद्धालु लगातार पूजा-अर्चना के लिए आ रहे हैं।

## आरएसएस स्वयंसेवकों ने जयपुर में पथ संचलन निकाला



**जयपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर जयपुर में पथ संचलन निकाला। पथ संचलन में करीब 5,000 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले छह प्रमुख उत्सवों में से एक, वर्ष प्रतिपदा का विशेष महत्व है। इस दिन को हिंदू नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। स्वयंसेवकों ने महाराजा कॉलेज से पथ संचलन निकाला, जो अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट, एमडी रोड और रामनिवास गार्डन से होते हुए उसी स्थान पर समाप्त हुआ। स्वयंसेवकों ने समन्वय और कदमताल का प्रदर्शन किया और पथ संचलन के दौरान ढोल संगीत बजाया। उन्होंने ढोल, बांसुरी, शंख और प्रणव (बास ड्रम) जैसे विभिन्न वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल किया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उन पर पुष्प वर्षा की। स्वयंसेवकों के पथ संचलन शुरू होने से पहले आयोजित समारोह में क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम सहित आरएसएस के नेता शामिल हुए।

## ईद, राम नवमी के मद्देनजर झारखंड में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई



**रांची :** झारखंड में ईद, सरहुल और राम नवमी के पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों पर भीड़ पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और वीडियो कैमरे से लैस सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन के जरिये हवा से भी भीड़ की निगरानी की जाएगी। भारत में ईद सोमवार को मनाए जाने की संभावना है, जबकि आदिवासी पर्व सरहुल एक अप्रैल को और राम नवमी छह अप्रैल को मनाई जाएगी। कई जिलों में शनिवार को सुरक्षा का पूर्वाभ्यास किया गया, ताकि किसी भी स्थिति से निपटने की पुलिस बल की तैयारियों का आकलन किया जा सके। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने 26 मार्च को सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया था और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को विशेष शाखा द्वारा तैयार 25 सूत्री कार्य योजना का पालन करने का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग और गिरिडीह जैसे संवेदनशील जिलों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

### राजस्थान में भाजपा के सत्ता में आने पर संजीवनी सोसायटी मामले की जांच ठंडे बस्ते में गयी : गहलोत

जयपुर : राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद संजीवनी सोसायटी मामले की जांच भी लगभग बंद हो गई है। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी घोटाले मामले में अनियमितताओं की ओर भी इशारा किया और आरोप लगाया कि सिरोही में स्थानीय अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय की अनुमति के बिना 22 बीघा जमीन बाजार मूल्य से एक-चौथाई कीमत पर नीलाम कर दी। गहलोत ने कहा, 'आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी ने राजस्थान, गुजरात समेत कई राज्यों में आम लोगों से ठगी की एवं उनकी मेहनत की कमाई को लूटा।

## बलरामपुर में राप्ती नदी के किनारे एक महिला झुलसी हुई मिली, मुठभेड़ के बाद दो आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर (उप्र) :** बलरामपुर जिले के गौरा चौराहा थाना क्षेत्र में राप्ती नदी के किनारे एक महिला गंभीर रूप से झुलसी हुई अवस्था में मिली है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस मामले में मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सिद्धार्थ नगर जिले की करीब 20 वर्षीय एक युवती को गंभीर हालत में लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार को महरी गांव में राप्ती नदी के किनारे एक महिला के गंभीर अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने उसे नंदन नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कुमार ने बताया कि उसकी चोटों की गंभीरता को देखते हुए बाद में पहले जिला अस्पताल और उसके बाद लखनऊ के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। एसपी ने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले के जोगिया की रहने वाली इस महिला पर उसके जानने वाले लोगों ने कोई रसायन फेंका और फिर उसे नदी किनारे छोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीम बनायीं और फिर मुठभेड़ के बाद दो संदिग्धों-- अजय एवं आकाश को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को चोटें आईं हैं और उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। लखनऊ में पीड़िता के इलाज पर उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की कड़ी निगरानी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. ओमनाथ के अनुसार, रासायनिक हमले के कारण महिला के चेहरे और हाथ गंभीर रूप से जल गए हैं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट जांच के लिए भेज दी

## आमचुनाव की भांति बिहार विधानसभा चुनाव में भी राजग के दलों में सीट का सहज समझौता होगा : चिराग



**पटना :** अपने बिहार दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के साथ बैठक किये जाने के पूर्व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि लोकसभा चुनाव की तरह ही बिहार विधानसभा चुनाव में भी राजग के घटक दलों के बीच सीट का समझौता सहजतापूर्वक हो जाएगा। पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर चिराग ने पत्रकारों से कहा, 'अलग-अलग समय पर चुनावी रणनीति तैयार करके और आपस में एक-दूसरे का ख्याल रखते हुए जिस मजबूती के साथ यह गठबंधन आगे बढ़ रहा है, वह दर्शाता है कि यह गठबंधन इस बार बिहार में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।' उन्होंने कहा, 'आज स्वयं गृह मंत्री बिहार में हैं। वह जानने का प्रयास करेंगे कि जनता की गठबंधन से क्या आशाएं हैं। गठबंधन के सहयोगियों के साथ बातचीत के दौरान भी वह यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि कैसे हम चुनाव में अपने परिणामों को और बेहतर कर सकेंगे।' चिराग ने कहा, 'सबका साथ' के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं लेकिन विपक्ष के बीच वर्चस्व की लड़ाई देखने को मिल रही है। न वे लोग चेहरा तय कर पा रहे हैं और न ही वे लोग गठबंधन का स्वरूप तय कर पा रहे हैं।

## न्यूज अपडेट

### पंजाब पुलिस ने सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने रविवार को एक सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चला है कि गिरफ्तार लोगों के पास से बरामद हेरोइन पाकिस्तान स्थित तस्करों ने भेजी थी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, तरनतारन पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और दो मादक पदार्थ तस्करों--हरदीप सिंह उर्फ दीप और हरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से छह किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों ही तरणतारन के थाथी सोहल के रहने वाले हैं।

### आसाराम की जमानत अवधि बढ़ाए जाने पर दुष्कर्म पीड़िता के परिवार ने जताई चिंता



शाहजहांपुर (उप्र) : दुष्कर्म के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू की जमानत अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाए जाने के बाद पीड़िता के पिता ने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने कहा है कि अब उनके परिवार के सामने खतरा बढ़ गया है क्योंकि आसाराम कभी भी उनके साथ कुछ भी कर सकता है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के निवासी पीड़िता के पिता ने आसाराम को बार बार जमानत दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया और दावा किया कि वह हर किसी को अपने हिसाब से चला रहा है। पीड़िता के साथ 2013 में आसाराम के जोधपुर स्थित आश्रम में दुष्कर्म किया गया था, उस दौरान वह नाबालिग (16) थी। गुजरात उच्च न्यायालय ने आसाराम को हृदय रोग एवं वृद्धावस्था संबंधी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए शुक्रवार को अंतरिम जमानत प्रदान की। आसाराम का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता शालीन मेहता ने दलील दी कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय और गुर्दे की बीमारी से पीड़ित हैं और उनके लिए उपलब्ध एकमात्र उपचार आयुर्वेदिक 'पंचकर्म' है।

### बलिया में युवती की आत्महत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक युवती के कथित आत्महत्या मामले में पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के नगरा थाना क्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में जामुन के एक पेड़ से पूजा (20) नामक युवती का शव 23 मार्च को लटकता हुआ मिला था। पुलिस ने इस मामले में आत्महत्या का दावा किया है, जबकि परिवार ने हत्या का आरोप लगाया है। इस बीच, पीड़ित परिवार ने मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस ने युवती के गांव के लालू चौहान और मऊ जिले के राम दुलारे को शनिवार को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया है। एसपी के मुताबिक, दोनों लोगों पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। युवती ने आत्महत्या के पहले दोनों लोगों को जानकारी दी थी कि वह जान दे देगी, लेकिन दोनों लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और युवती के परिजनों को नहीं दी। गिरफ्तार राम दुलारे से ही युवती की शादी 25 अप्रैल को निर्धारित हुई थी। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि युवती ने यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर फांसी लगायी थी। युवती के प्रेमी द्वारा उसका मोबाइल नंबर काली सूची में डालने से वह परेशान थी। उन्होंने दावा किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (कॉल रिकार्डिंग) और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर इस घटना का खुलासा किया गया है। एसपी ने बताया था कि पुलिस को 23 मार्च को यह सूचना प्राप्त हुई कि नगरा थाना के अंतर्गत सरयां गुलाब राय गांव में एक युवती का शव पेड़ पर लटका हुआ है। इस सूचना पर पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। युवती की शिनाख्त पूजा चौहान के रूप में हुई। युवती का शव रस्सी के सहारे जामुन के पेड़ से लटकता हुआ मिला।

### समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से मिली धमकी

बहराइच : कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता तारिक खान को कथित तौर पर फोन पर धमकी दी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दो दिन पहले की गयी इस फोन कॉल के सिलसिले में जांच शुरू कर दी गयी है। टेलीविजन समाचार चैनलों पर होने वाली बहसों में मुखर होकर समाजवादी पार्टी का बचाव करने के लिए मशहूर तारिक खान के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए कथित बिश्नोई गैंग द्वारा धमकी देने का एक ऑडियो शनिवार शाम से ही सोशल मीडिया पर वायरल है। सपा प्रवक्ता तारिक खान ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'लगभग दो महीने से मुझे फोन पर गाली गलौज व धमकियों के फोन आते थे, लेकिन मैं उन्हें नजरअंदाज करता था। शुक्रवार रात को जो फोन आया उसने मुझसे गाली गलौज की भाषा में बात की, फिर उसने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की बात की। उसने धमकी दी तो मैंने इसे गंभीर मामला समझते हुए अपनी जिम्मेदारी समझकर बहराइच के पुलिस अधीक्षक और अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सूचना दी। अब इस बातचीत का ऑडियो कहीं से वायरल हो गया है।' तारिक ने कहा, 'मैंने एसपी साहब से कहा है कि यह भी हो सकता है कि ये कोई फर्जी आदमी हो, लेकिन फिर भी उसका पकड़ा जाना जरूरी है। मैंने शुक्रवार की बातचीत तथा अन्य पुरानी जानकारी पुलिस को उपलब्ध करा दी है।'

## एबीवीपी की उम्मीदवार पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनीं



**पटना :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की मैथिली मृणालिनी पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष चुनी गई हैं। एक सदी से भी पुराने इस विश्वविद्यालय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एबीवीपी की कोई महिला उम्मीदवार छात्र संघ की अध्यक्ष चुनी गई हों। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ का शनिवार को मतदान संपन्न हुआ जिसके बाद देर रात तक मतगणना हुई। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी द्वारा अपना उम्मीदवार वापस लेने के बावजूद एबीवीपी उम्मीदवार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनएसयूआई के मनोरंजन कुमार को आसानी से हरा दिया। हालांकि, एनएसयूआई ने कोषाध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। एनएसयूआई की सौम्या श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी के ओम प्रकाश यादव को हराया।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सात विकेट से जीता मुकाबला

## सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार दूसरी हार

**विशाखापत्तनम :** गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवर में 163 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली के लिए फाफ डुप्लेसिस ने अर्धशतक लगाया जिससे टीम 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। सनराइजर्स की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को डुप्लेसिस और जैक फ्रेजर मैकगर्क ने शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े। डुप्लेसिस ने इस दौरान अर्धशतक जड़ा। हैदराबाद के लिए आईपीएल में डेब्यू करने वाले जीशान अंसारी ने शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट झटके, लेकिन लक्ष्य इतना कम था कि दिल्ली को इसे हासिल करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। जीशान ने पहले डुप्लेसिस को आउट किया और फिर मैकगर्क को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के लिए पहला मैच खेलने वाले केएल राहुल को बोल्ड किया। हालांकि, जीशान का यह प्रयास टीम के काम नहीं आया और उसे हार मिली।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए डुप्लेसिस ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए, जबकि मैकगर्क ने 38 रनों का योगदान दिया। केएल राहुल पांच गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तीन विकेट गिरने के बाद अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने मोर्चा संभाला और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलाई। पोरेल पांच गेंदों पर दो चौका और एक छक्के की मदद से 15 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि स्टब्स 14 गेंदों पर तीन चौकों के सहारे 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। सनराइजर्स के लिए सभी तीन विकेट जीशान ने लिए, जबकि अन्य गेंदबाज खाली हाथ रहे।



## राजस्थान ने चेन्नई को छह रन से हराया, हसरंगा ने झटके चार विकेट



**गुवाहाटी :** वानिंदु हसरंगा की घातक गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हराकर जीत का खाता खोल लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 182 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी। उनके लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक 63 रन बनाए। मौजूदा टूर्नामेंट में यह राजस्थान की तीन मैचों में पहली जीत है। वहीं, चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार है। दिलचस्प बात यह है कि इस जीत के साथ राजस्थान अंक तालिका में नौवें पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, सीएसके सातवें स्थान पर है। शीर्ष पर चार अंक और 2.226 के नेट रन रेट के साथ आरसीबी है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत खराब हुई। उन्हें पहला झटका जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र को अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मोर्चा राहुल त्रिपाठी और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 46 रनों की साझेदारी हुई। त्रिपाठी 23 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, गायकवाड़ ने 44 गेंदों में 63 रन बनाए उनके अलावा शिवम दुबे ने 18, विजय शंकर ने नौ, महेंद्र सिंह धोनी ने 16 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और जेमी ओवरटन क्रमश: 32 और 11 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मुकाबले में राजस्थान के लिए वानिंदु हसरंगा ने चार विकेट झटके। उनके अलावा जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा ने एक-एक सफलता हासिल की।

## मुंबई इंडियन्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वापसी की उम्मीद




मुंबई : मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी। मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है लेकिन अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए मुंबई को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन और बल्लेबाजों से निरंतरता की आवश्यकता होगी, विशेषकर तब जब उनके पास निचले क्रम में विशेषज्ञ फिनिशर की कमी है। रोहित शर्मा बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि आक्रामक बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन अपने पहले आईपीएल टूर्नामेंट में भारतीय पिचों पर अभी तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपनी प्रतिभा की झलक तो दिखाई है लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दूसरी ओर रोहित दोनों मैच में दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रहे जिसमें एक बार वह खाता भी नहीं खोल पाए। सूर्यकुमार यादव टाइटंस के खिलाफ 48 रन बनाकर फॉर्म में लौटते दिख रहे थे लेकिन यह पारी वैसी नहीं थी, जिसके लिए भारतीय टी20 कप्तान को पहचाना जाता है। टीम में लगातार बदलाव के कारण मुंबई इंडियन्स सही संयोजन की तलाश में है लेकिन मौजूदा टीम में एक विशेषज्ञ फिनिशर की कमी है जो काम टीम के लिए पिछले कुछ समय में टिम डेविड ने किया था। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार बल्लेबाजी में मुंबई की सबसे बड़ी उम्मीद हैं और इन दो टी20 विशेषज्ञों की इस आईपीएल में शानदार शुरुआत मुंबई की टीम के लिए समारात्मक चीजों में से एक है।

## एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में पूनिया और उदित को रजत, दिनेश को कांस्य



**अम्मान (जोर्डन):** भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में तीसरी बार रजत पदक जीता जबकि उदित को लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-1 से हरा दिया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता से हराया । पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते।उदित ने भी 61 किग्रा में किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। उन्होंने पिछले साल रजत पदक जीता था। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उन्हें दुनिया के नंबर एक पहलवान ताकारा सूडा ने 6 . 4 से हराया । भारत के मुकुल दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी । सेमीफाइनल में दहिया को हालांकि ईरान के दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अबुलफजल वाई रहमानी फिरौजाई के खिलाफ तकनीकी दक्षता के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में उन्हें जापान के तत्सुया शिराइ ने 4 . 2 से हराया । दिनेश भी हेवीवेट 125 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर फाइनल में तकनीकी दक्षता के आधार पर चीन के बुहीरदुन हराया लेकिन सेमीफाइनल में मंगोलिया के लखागवागेरेल मुनखतूर के खिलाफ 1-5 से हार गए। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में दिनेश ने तुर्कमेनिस्तान के सापारोव जेड को 14 . 12 से मात दी ।

## उदित 61 किग्रा के फाइनल में, पूनिया और दहिया सेमीफाइनल में

अम्मान (जोर्डन) : भारतीय पहलवान उदित ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप के पुरुषों के 61 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक की उम्मीद जगाई जबकि अनुभवी दीपक पूनिया (92 किग्रा) और मुकुल दहिया (86 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंचे। उदित ने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। अब उनके और पदक के बीच जापान के ताकाशी इशिगुरो हैं। दहिया ने भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। सिंगापुर के वेंग लुएन गैरी चाउ को दहिया ने बिना अंक गंवाए तकनीकी दक्षता के आधार पर हराने के बाद किर्गिस्तान के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुहम्मद अब्दुल्लाव को 3-1 से शिकस्त दी।

## भारत अक्टूबर-नवंबर में तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा

**मेलबर्न :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे। आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'हमने पिछली गर्मियों में मैदान पर दर्शकों की संख्या, टीवी पर दर्शकों की संख्या और डिजिटल जुड़ाव के कई रिकॉर्ड तोड़े और हमें विश्वास है कि यह अविश्वसनीय गति पूरे सत्र में जारी रहेगी।' उन्होंने कहा, 'हम अपनी सभी सरकारों, आयोजन स्थलों, प्रसारण और वाणिज्यिक भागीदारों के सहयोग और समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय खेल स्टेडियमों में शानदार अनुभव प्रदान करता रहे और पूरे देश में भागीदारी को बढ़ावा दे।''

**कार्यक्रम इस प्रकार है:**

एकदिवसीय श्रृंखला:

**19 अक्टूबर:** पर्थ स्टेडियम, पर्थ (दिन-रात्रि)

**23 अक्टूबर:** एडीलेड ओवल, एडीलेड (दिन-रात्रि)

**25 अक्टूबर:** एससीजी, सिडनी (दिन-रात्रि)

टी20 श्रृंखला:

**29 अक्टूबर:** मनुका ओवल, कैनबरा

**31 अक्टूबर:** एमसीजी, मेलबर्न

दो नवंबर: बेलरीव ओवल, होबार्ट

**छह नवंबर:** गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट

**आठ नवंबर:** द गाबा, ब्रिस्बेन।

## न्यूज अपडेट

### आईएसएल : जमशेदपुर एफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी को हराया, सेमीफाइनल में सामना मोहन बागान से

**शिलांग :** जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी को 2-0 से हराया। अब सेमीफाइनल में उसका सामना लीग शील्ड विजेता मोहन बागान से होगा। दो चरण का अंतिम चार मुकाबला तीन और सात अप्रैल को खेला जायेगा। दो और छह अप्रैल को दूसरे सेमीफाइनल में बेंगलुरू एफसी की टक्कर एफसी गोवा से होगी। फाइनल 12 अप्रैल को खेला जायेगा जिसके वेन्यू की घोषणा अभी बाकी है।

### लगातार हार से चिंतित नहीं हैं सनराइजर्स के कप्तान कमिंस

**विशाखापत्तनम :** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस आईपीएल 2025 में आक्रामक शुरूआत के बाद लगातार दो हार से विचलित नहीं हैं और उनका कहना है कि अभी चिंता करना जल्दबाजी होगी। सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाये लेकिन उसके बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार गई। कमिंस ने मैच के बाद कहा, 'दो मैच हारने पर चिंता करना अभी जल्दबाजी होगी। उम्मीद है कि हम लय में लौटेंगे। हमें अपने कुछ विकल्पों पर विचार करना होगा। शायद एक दो चीजें अलग तरह से करनी होगी और नतीजे हमारे अनुकूल होंगे।' उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे क्या कर सकते हैं। बहुत ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं है।' आस्ट्रेलियाई कप्तान ने स्वीकार किया कि शीर्ष क्रम का खराब फॉर्म और बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना शॉट्स उन पर भारी पड़े। उन्होंने कहा, 'हम बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

### मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना

**अहमदाबाद :** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल ने रविवार को एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के नौवें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' बयान के अनुसार, 'यह आईपीएल की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित नियम 2.2 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'

### घरेलू फायदा कौन नहीं लेना चाहता, पिचों के मसले पर बोले केकेआर के कोच चंद्रकांत पंडित

**मुंबई :** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस बात का समर्थन किया कि मेजबान टीम को घरेलू पिचों का फायदा मिलना चाहिये और कहा कि उन्हें भी ईडन गार्डंस पर इस तरह के फायदे की अपेक्षा है। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने जब से कहा है कि ईडन गार्डंस पर उन्हें अपने स्पिनरों को और मदद मिलने की उम्मीद थी , केकेआर के घरेलू मैदान की पिचों को लेकर चर्चा चल पड़ी है। पंडित ने रविवार को मीडिया से कहा, 'एक कोच , टीम प्रबंधन के तौर पर हम हमेशा चाहते हैं कि हम हर तरह की पिच पर खेलें। नियंत्रण क्यूरेटर के हाथ में होगा।' पंडित ने इस मसले पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की लेकिन कहा कि केकेआर समेत कोई भी टीम यही चाहेगी कि घरेलू पिच उनके कौशल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा, 'इस समय मेरा फोकस अगले मैच पर है। मैं यह सोच ही नहीं रहा कि क्या होना चाहिये और किसके नियंत्रण में क्या है। लेकिन टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान हम सभी चाहेंगे कि हमें पिच से मदद मिले।'



# देश में उपहार, निवेश के लिए बढ़ रहा है प्लैटिनम और हीरे का आकर्षण

**नयी दिल्ली :** देश में खासकर धनाढ्य लोगों और युवाओं में प्लैटिनम और हीरे के आभूषण उपहार में देने तथा निवेश करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, सोना सबसे लोकप्रिय उत्पाद बना हुआ है लेकिन प्लैटिनम और हीरे को उनकी विशिष्टता और 'खास' होने के एहसास के कारण निवेश और उपहार विकल्प के रूप में पसंद किया जा रहा है। आभूषण क्षेत्र के विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उनका यह भी कहना है कि इन महंगी धातुओं में निवेश अनुभवी कारोबारियों के लिए ही उपयुक्त है। कामा ज्वेलरी की उपाध्यक्ष (बिक्री) सिमरन शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'भारत में, अमीर व्यक्तियों के बीच, सोने के बजाय प्लैटिनम, हीरे और अन्य कीमती धातुओं में निवेश करने की प्राथमिकता कई सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक कारकों से प्रभावित होती है। इन धातुओं का दुर्लभ होना उन अमीरों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का कारण है, जो अपने निवेश को अलग रूप देने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। प्लैटिनम सोने की तुलना में दुर्लभ है, जो इसे विशिष्टता का एहसास कराता है जबकि हीरे को उसकी सुंदरता और खास होने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, खासकर युवाओं, समृद्ध लोगों के बीच लक्जरी और आधुनिक जीवनशैली विकल्पों की ओर एक सांस्कृतिक बदलाव हुआ है। युवा पीढ़ी अधिक वैश्वीकृत हो रही है और अंतरराष्ट्रीय फैशन रुझानों के प्रति सजग है, जिसने प्लैटिनम और हीरे की लोकप्रियता में योगदान दिया है।' उल्लेखनीय है कि प्लैटिनम का उपयोग आभूषण के अलावा वाहन समेत अन्य उद्योगों में भी होता है। बाजार शोध और परामर्श कंपनी ग्रांड व्यू रिसर्च के मुताबिक, भारत में प्लैटिनम आभूषण बाजार का आकार 2024 में लगभग 7,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और 2030 तक इसके 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है। विपणन संगठन प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल के अनुसार, भारत में हर साल प्लैटिनम आभूषणों की मांग 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। केंद्रीय बजट में सीमा शुल्क में कटौती के बाद वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में प्लैटिनम आभूषणों की मांग में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हीरा कंपनी डी बीयर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक अमित प्रतिहारी ने कहा, 'अमीर हीरे में निवेश करते हैं क्योंकि यह अत्यधिक खास और अमूल्य एहसास कराता है... हीरे में निवेश करने या इसे उपहार में देने का निर्णय बहुत भावनात्मक होता है।



## जम्मू-कश्मीर में एक अप्रैल से परिजनों को संपत्ति के उपहार पर नहीं लगेगा स्टाम्प शुल्क

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने खून का रिश्ता रखने वालों के बीच उपहार विलेख के माध्यम से संपत्ति हस्तांतरण पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क को माफ करने की अधिसूचना जारी की है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस अधिसूचना को साझा करते हुए कहा है कि यह छूट एक अप्रैल से प्रभावी हो जाएगी। अब्दुल्ला ने सात मार्च को अपने बजट भाषण में रक्त संबंधियों के बीच संपत्ति हस्तांतरण पर स्टाम्प शुल्क माफ करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य करीबी रिश्तेदारों के बीच संपत्ति के लेन-देन को सुव्यवस्थित करना और कानूनी विवादों को कम करना है। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव संतोष डी वैद्य ने अधिसूचना में कहा, 'स्टाम्प अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार जनहित में जरूरी समझते हुए खून के रिश्ते वाले संबंधियों के बीच उपहार विलेख के आधार पर संपत्ति हस्तांतरण पर स्टाम्प शुल्क को माफ करती है।' मुख्यमंत्री की बजट घोषणा को प्रभावी बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने वाले वैद्य ने कहा कि रक्त संबंधियों में पिता, माता, भाई, बहन, बेटा, बेटी, दादा, दादी, पोता और पोती शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस अधिसूचना को साझा करते हुए कहा, 'सार्वजनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अप्रैल से, करीबी पारिवारिक सदस्यों के बीच इस तरह के भूमि हस्तांतरण पर जम्मू और कश्मीर में शून्य स्टांप शुल्क लगेगा।''

## सरकार 37,000 करोड़ रुपये के शेयरों के साथ वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी 49 प्रतिशत करने पर सहमत

**नयी दिल्ली :** सरकार ने स्पेक्ट्रम नीलामी की बकाया राशि के बदले 36,950 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों के नए अधिग्रहण के साथ वोडाफोन आइडिया में हिस्सेदारी बढ़ाकर 48.99 प्रतिशत करने पर सहमति जता दी है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार वर्तमान में 22.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी शेयरधारक है। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने शेयर बाजारों को दी सूचना में सरकार की तरफ से अतिरिक्त हिस्सेदारी लेने की सूचना दी। कंपनी ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र के लिए सितंबर, 2021 में घोषित सुधार और समर्थन पैकेज के अनुरूप बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी राशि को, जिसमें स्थगन अवधि खत्म होने के बाद चुकाए जाने वाले स्थगित बकाया भी शामिल हैं, संचार मंत्रालय ने भारत सरकार को जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयरों में बदलने का फैसला किया है। इक्विटी शेयरों में परिवर्तित की जाने वाली कुल राशि 36,950 करोड़ रुपये है। वोडाफोन आइडिया ने कहा कि उसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं अन्य प्राधिकरणों से आवश्यक आदेश जारी होने के बाद 30 दिनों के भीतर 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर 10 रुपये के निर्गम मूल्य पर जारी करने का निर्देश दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, नए इक्विटी शेयर जारी होने के बाद कंपनी में भारत सरकार की हिस्सेदारी मौजूदा 22.60 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 48.99 प्रतिशत हो जाएगी। इसके साथ ही वोडाफोन आइडिया ने कहा कि उसके प्रवर्तकों के पास कंपनी का परिचालन नियंत्रण बना रहेगा। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी स्पेक्ट्रम नीलामी की राशि का सरकार को भुगतान नहीं कर पाई थी।

## राष्ट्रपति मुर्मू एक अप्रैल को आरबीआई के 90वें वर्ष के समापन समारोह में शामिल होंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90 वर्ष पूरा होने पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति 31 मार्च से एक अप्रैल तक मुंबई का दौरा करेंगी। इस दौरान वह आरबीआई के 90 साल पूरा होने पर आयोजित समारोह में शिरकत करेंगी। भारत के केंद्रीय बैंक के तौर पर आरबीआई की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुरूप एक अप्रैल, 1935 को हुई थी।

## न्यूज अपडेट

### देश का कोयला आयात जनवरी में मामूली रूप से बढ़कर 2.14 करोड़ टन पर

**नयी दिल्ली :** देश का कोयला आयात जनवरी में 1.23 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 2.14 करोड़ टन हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 2.11 करोड़ टन था। ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 महीनों में कोयले का आयात 22.26 करोड़ टन पर स्थिर रहा। अप्रैल-जनवरी 2024-25 की अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 14.12 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में आयात किए गए 14.68 करोड़ टन से कम है। वित्त वर्ष के इस 10 महीने में कोकिंग कोयले का आयात 4.59 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए दर्ज 4.73 करोड़ टन से कम है। जनवरी 2025 में हुए कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.23 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले आयात किए गए 1.34 करोड़ टन से कम है। जनवरी 2024 में आयात किए गए 45 लाख टन कोकिंग कोल के मुकाबले इस साल जनवरी में कोकिंग कोयले का आयात 52.3 लाख टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनय वर्मा ने इन आंकड़ों पर कहा, घरेलू बाजार में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने से विदेशी माल की कीमतें नरम होने के बावजूद आयातित सामग्री की मांग कम रही है। उम्मीद है कि गर्मियों की शुरुआत तक यह रुझान जारी रहेगा।

### आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, एयरलाइन चुनौती देगी

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुर्माना लगाने के आदेश को 'त्रुटिपूर्ण' बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। इंडिगो ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। एयरलाइन ने कहा कि यह आदेश इस दोषपूर्ण समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत आकलन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि अभी यह मामला लंबित है और इस पर निर्णय आना बाकी है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4192 अंक 342, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in